


बालाघाट, सिवनी, मंडला, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 17 अगस्त 2026 | दिन - सोमवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 201 | मूल्य - 5 रुपये






# लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में पहली बार गूंजा 'वंदे मातरम्', सेना के बैंड ने बजाई 'वंदे मातरम्' की धुन

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज..





नई दिल्ली, (भाषा)।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक लाल किले पर आयोजित होने वाले समारोह में पहली बार 'वंदे मातरम्' गाया गया। इस दौरान 'वंदे मातरम्' के सभी छह छंदों का गायन किया गया। राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की विरासत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस भव्य समारोह में लाल किले की प्राचीर पर की गई पुष्प सज्जा के केंद्र में राष्ट्रीय ध्वज और उसके दोनों ओर हिंदी में 'वंदे मातरम्' लिखा हुआ था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभक्ति के जोश और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लाल किले से 80 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व किया। समारोह में मौजूद अतिथियों के साथ सेना के बैंड ने 'वंदे मातरम्' की धुन बजाई और सभी ने राष्ट्रीय गीत गाया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रगान हुआ।

उन्होंने अपने 75 मिनट के संबोधन में कहा, आज यहां मौजूद हर व्यक्ति के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। आजादी के बाद पहली बार 15 अगस्त को लाल किले से 'वंदे मातरम्' की गूंज सुनाई दे रही है। और आज जब हम 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, तो इससे बेहतर अवसर और क्या हो सकता है। मोदी ने कहा कि आज हर धड़कन 'वंदे मातरम्' के जयघोष से गूंज रही है। उन्होंने कहा, आज 'हर घर तिरंगा है, हर मन तिरंगा है' और देश उत्साह एवं नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है तथा अपने साथ नए संकल्प लेकर चल रहा है। प्रधानमंत्री के लाल किले की प्राचीर पर पहुंचने के तुरंत बाद सेना के बैंड ने 'वंदे मातरम्' की धुन बजाई और इस अवसर पर मौजूद अतिथियों ने राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया।

इसके बाद प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और फिर राष्ट्रगान का गायन किया गया। राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाने के बाद तिरंगे को 'राष्ट्रीय सलामी' दी गई। इसके बाद भारतीय वायुसेना के दो एमआई-17 हेलीकॉप्टरों ने समारोह स्थल पर पुष्पवर्षा की। इनमें से एक हेलीकॉप्टर राष्ट्रीय ध्वज और दूसरा 'वंदे मातरम' अंकित ध्वज लेकर उड़ान भर रहा था।

गौरतलब है कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा 1875 में रचित 'वंदे मातरम्' स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देशभक्ति का उद्घोष बन गया था। संविधान सभा ने 1950 में इसे भारत के राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया था। सरकार ने पिछले नवंबर में 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सालभर चलने वाले समारोह की शुरुआत की थी। 'वंदे मातरम्' की रचना पहले स्वतंत्र रूप से की गई थी और बाद में इसे चट्टोपाध्याय के उपन्यास 'आनंदमठ' में शामिल किया गया। इसे पहली बार रवींद्रनाथ टैगोर ने 1896 में कलकत्ता (अब कोलकाता) में कांग्रेस के अधिवेशन में गाया था।

## यह भी बोले पीएम मोदी..

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को लाल किले पर ध्वजारोहण के उपरांत संबोधन में कहा कि हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकी एवं ड्रोन प्रणाली जैसी उन्नत क्षमताओं में आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर देते हुए भारत को रक्षा विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने की वकालत की और 2047 तक विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए सात प्रमुख स्तंभों में 'रक्षा शक्ति' को भी शामिल किया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि स्वदेशी वायु रक्षा प्रणाली 'सुदर्शन चक्र' पर काम तेजी से प्रगति पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की रणनीतिक ताकत बढ़ाने के लिए घरेलू रक्षा उत्पादन का विस्तार महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना है। दुनिया और भारत ने यह अनुभव कर लिया है कि इसके बिना कोई चारा नहीं है। विश्व जब अपनी-अपनी ही सोच रहा है, तब भारत विश्व के लिए बाजार बनकर नहीं रह सकता है। हमें रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना होगा।''

## मैं अनुच्छेद 370 की समर्थक और 'दिमागी नक्सल' हूं: पीडीपी अध्यक्ष महबूबा

**श्रीनगर, (भाषा)।**

जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि वह संविधान के अनुच्छेद 370 का समर्थन करती हैं इसलिए वह भी एक 'दिमागी नक्सल' हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत पहले जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा प्राप्त था।

महबूबा ने अपने 'एक्स' हैंडल पर एक पोस्ट किया, ÷मैं अनुच्छेद 370 का समर्थन करती हूं। मैं एक दिमागी नक्सल हूं। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू की एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रही थीं, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी नेताओं को 'दिमागी नक्सल' नहीं कहा था। रीजीजू ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि यह शब्द केवल उन लोगों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है जो माओवादियों का समर्थन करते हैं।







## वन्यजीव शिकार के प्रयास में आरोपी गिरफ्तार, सल्फास और कुल्हाड़ी बरामद..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

कान्हा टाइगर रिजर्व मंडला अंतर्गत परिक्षेत्र सुपखार में वन्य जीव के शिकार के प्रयास को वन विभाग की टीम ने विफल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से सल्फास का पैकेट, सल्फास लगी मिट्टी की दो गोलियां तथा एक कुल्हाड़ी बरामद की गई है। वन विभाग को 15 अगस्त 2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि सुपखार परिक्षेत्र की बीट सुपखार के कक्ष क्रमांक 282 में एक व्यक्ति वन्यजीव के शिकार के प्रयास में है। सूचना पर वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तीरथ सिंह टेकाम, पिता किशन सिंह टेकाम, उम्र 42 वर्ष, जाति गोंड, निवासी ग्राम इन्द्री, थाना मोतीनाला, तहसील बिछिया के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पूरी कार्रवाई कान्हा टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक एवं उप संचालक के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में रेंज ऑफिसर अशोक रहांगडाले, वनपाल आसिफ कुरैशी, वनरक्षक सागर मरकाम, सुरक्षा श्रमिक नंदलाल एवं अघन सिंह सहित वन विभाग के अन्य अमले की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वन विभाग की तत्परता से वन्यजीव के शिकार के प्रयास को समय रहते रोक लिया गया।






जग प्रेरणा live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझिरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई







## पुलिस ग्राउंड मे आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह मे

# कलेक्टर कुमार सत्यम ने किया ध्वजारोहण, ली परेड की सलामी, छोड़े गए शांती के प्रतीक गुब्बारे..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ बालाघाट जिले में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनायी गई। जिला मुख्यालय बालाघाट में मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने ध्वजारोहण किया और परेड की***

सलामी ली। इस अवसर पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, हॉक फोर्स, जिला पुलिस बल, एसएफ-36वीं बटालियन के जवानों, एनसीसी के कैडेट्स एवं स्काउट गाइड द्वारा शानदार मार्चपास्ट किया गया और तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। इस अवसर पर शांति के प्रतीक गुब्बारे छोड़े गये और हर्ष फायर किये गये। मुख्य समारोह में ध्वजारोहण के पहले राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन किया गया। उसके पश्चात मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री कुमार सत्यम द्वारा ध्वजारोहण किया गया। पश्चात जन-गण-मन का गायन किया गया।

पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे, गौरीशंकर बिसेन, नगर पालिका बालाघाट की अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर, पूर्व नपा अध्यक्ष रमेश रंगलानी, पुलिस महानिरीक्षक श्री ललित कुमार शाक्यवार, उप महानिरीक्षक श्री विनित जैन, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, डीपी बर्मन, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, अन्य विभागो के अधिकारी, गणमान्य नागरिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन, लोकतंत्र सेनानी, शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्रायें उपस्थित थी।

मुख्य समरोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने सबसे पहले तिरंगा झंडा फहराया और उसके बाद परेड का निरीक्षण किया। परेड कमांडर श्री योगेंद्र मरावी के नेतृत्व में सीआरपीएफ 123वीं बटालियन, 36 वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल, एनसीसी, स्काउट गाईड, राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों एवं शौर्यादल के सदस्यों ने शानदार मार्चपास्ट कर तिरंगे झंडे को सलामी दी और हर्ष फायर किये गए।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भोपाल में दिये गए संबोधन का एलईडी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण दिखाया गया। इसके लिए ग्राउंड में अलग-अलग स्थानों पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगायी गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश के प्रसारण के पश्चात मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने अपने सम्बोधन में बालाघाट जिले की उपलब्धियों एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी एवं स्वतंत्रता दिवस के बधाई संदेश का वाचन किया। इसके पश्चात लोकतंत्र सेनानियों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एमएलबी, सांदीपनी स्कूल एवं उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति और देशप्रेम पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में जनसम्पर्क विभाग द्वारा तैयार की गई जिले की विकास पुस्तिका का वितरण भी किया गया।

मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परेड में शानदार मार्च पास्ट के लिए सीनियर वर्ग में हॉक फोर्स को प्रथम, 123वी बटालियन सीआरपीएफको द्वितीय एवं जिला पुलिस बल पुरूष को तृतीय पुरूस्कार दिया गया।

जूनियर वर्ग में उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट को प्रथम, सांदीपनि विद्यालय बालाघाट को द्वितीय एवं एनएसएस पीजी कॉलेज बालाघाट को तृतीय पुरुष्कार दिया गया। 15 अगस्त को शासकीय भवनों पर उत्कृष्ट रोशनी करने के लिए जिला पंचायत बालाघाट को प्रथम, कलेक्ट्रेट कार्यालय को द्वितीय तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय को तृतीय पुरुष्कार दिया गया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय को प्रथम, एमएलबी बालाघाट की छात्राओ को द्वितीय एवं सांदीपनी विद्यालय बालाघाट के छात्र छात्राओं को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य समारोह का समापन राष्ट्रगीत वंदे मातरम के गायन एवं उसके पश्चात राष्ट्रगान जन-गण-मन के गायन के साथ किया गया।**

# रानी अवंतीबाई अमर रहे के नारों से गुंजा बालाघाट, विशाल रैली में उमड़ा लोधी समाज





जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश के जिला सिवनी के ग्राम मनकेहणी में पिता जुझार सिंह के परिवार में 16 अगस्त 1831 को वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का जन्म हुआ था, तथा उनका विवाह रामगढ़ के राजा लक्ष्मण सिंह के पुत्र राजकुमार विक्रमादित्य सिंह से हुआ था। वीरांगना रानी अवंती बाई 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अमर सेनानी***

थीं। पति राजा विक्रमादित्य सिंह की अस्वस्थता और मृत्यु के बाद उन्होंने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा लिया और 20 मार्च 1858 को देश के लिए अपना बलिदान दिया था। भारत की धरती को नारी वीरता की गौरव गाथा से गौरवान्वित करने वाली वीरांगना अवंती बाई लोधी की जयंती आज 16 अगस्त को बालाघाट नगर मुख्यालय में धुमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विशाल भव्य रैली निकाली गई, जिसमें लोधी समाज का बड़ा जन सैलाब उमड़ पड़ा। लोधी समाज द्वारा निकाली गई रैली में विधायक अनुभा मुंजारे, विधायक राजकुमार करहि, पूर्व जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक अध्यक्ष उदय सिंह नगपुरे, भाजपा नेता जितेन्द्र मोहारे, योगेश नागपुरे, गगन नगपुरे, पत्रकार शौकत बिसाने संहित हजारों की संख्या में लोधी समाज के लोगों ने उत्साह और जोश के साथ रानी अवंती बाई अमर रहे के नारे लगाए। रैली का शुभारंभ दानवीर स्व. रामाबाबू उद्यान मोती नगर से हुआ, जहां सर्वप्रथम मंचीय उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर विहिप के वैभव कश्यप व लालू यज्ञेश चावड़ा भी उपस्थित हुए। इसके पश्चात रामाबाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके तत्पश्चात रैली निकाली गई, जो कि आंबेडकर चौक, सर्किट हाउस मार्ग से होते हुये हनुमान चौक, नया सराफा, सुभाष चौक, महावीर चौक, राजघाट चौक होते हुये काली पुतली चौक और फिर अवंतीबाई चौक प्रतिमा स्थल पहुंची, जहां वीरांगना रानी अवंतीबाई की प्रतिमा पर माल्यापर्ण व पूजन किया गया। इस अवार पर अवंती बाई अमर रहे की गूंज गूंजायमान रही। युवाओं ने देशभक्ति गीत पर जमकर नृत्य किया और रानी अवंती बाई के प्रति आस्था दिखाई, इसके उपरांत रैली वापस रामाबापू उद्यान पहुंची, जहां रैली के समापन से पूर्व समाज के वरिष्ठजनों ने उद्बोधन के माध्यम से समाज के सदस्यों का मार्गदर्शन किया।

### अवंती बाई की जीवंत झांकी रही आकर्षण का केंद्र..

अवंती बाई के बलिदान दिवस पर आयोजित विशाल रैली में अवंती बाई की जीवंत झांकी सभी के लिये अपने विशेष परिधान एवं प्रस्तुति के लिये आकर्षण का केन्द्र रही। जानकारी के अनुसार इस वर्ष रानी अवंतीबाई की शोभायात्रा में घोड़े पर सवार जीवंत रानी अवंतीबाई के रुप में लोधी समाज की उभरती हुई डांसर ईशानी नगपुरे बनी। घोड़े पर सवार वीरांगना के प्रतीक के रूप में अवंती बाई ईशानी नगपुरे का जगह-जगह स्वागत किया गया। अवंती बाई अमर रहे के जमकर नारे लगाये गए।

# दो मोटर सायकिलें टकराई, 30 वर्षीय यश गुप्ता की दर्दनाक मौत, 2 युवक घायल..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले के भरवेली थाना क्षेत्र के ग्राम हिरापुर में 15 अगस्त की देर रात करीब 8:30 बजे दो मोटर सायकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान रावड़बंदी निवासी यश गुप्ता पिता टिकेश गुप्ता, उम्र 30 वर्ष के रूप में हुई है।***

जानकारी के अनुसार, यश गुप्ता किराना सामान खरीदकर बाइक से अपने घर रावड़बंदी लौट रहा था। इसी दौरान बालाघाट से उकवा की ओर जा रही बाइक से उसकी बाइक की हिरापुर और धनसुआ के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना राहगीरों ने तत्काल भरवेली पुलिस और एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को जिला अस्पताल बालाघाट पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद यश गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल रोहित पिता दिनेश माड़वी, निवासी कावेली और अंकुश उइके, निवासी रूपझर का अस्पताल में उपचार जारी है। बताया गया है कि हादसे के समय बाइक अंकुश उइके चला रहा था। जिसे गंभीर रूप से घायल है। अस्पताल पुलिस ने मृतक के शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया है। शव का पोस्टमार्टम 16 अगस्त को किया जाएगा। फिलहाल भरवेली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# असाटी महिला समिति बालाघाट द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हरियाली तीज महोत्सव



जगप्रेरणा बालाघाट।

***सावन की हरियाली और उमंग से सराबोर हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन असाटी महिला समिति बालाघाट द्वारा होटल मल्लिकार्जुन में उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में समाज***

की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और सावन के इस पारंपरिक पर्व का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत तीज पर्व की शुभकामनाओं एवं उत्साहपूर्ण माहौल के साथ हुई। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा रैंप वॉक किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात समिति द्वारा विभिन्न मनोरंजक एवं आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता, ग्रुप गेम एवं सावन क्वीन प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। प्रतियोगिताओं के दौरान महिलाओं ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और उत्साह का प्रदर्शन किया। सावन क्वीन प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक झूले का आनंद लेते हुए सावन की खुशियों को यादगार बनाया। अंत में सभी ने सामूहिक रूप से स्वल्पाहार का आनंद लिया।

हरियाली तीज महोत्सव ने महिलाओं को आपसी मेल-जोल, सौहार्द एवं मनोरंजन के साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का सुंदर अवसर प्रदान किया। असाटी महिला समिति बालाघाट ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग एवं सहभागिता करने वाली समाज की सभी महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।




# कांग्रेस द्वारा किया गया 15 अगस्त को वंदेमातरम् का अपमान, बालाघाट में भाजपा ने मशाल जुलुस निकालकर किया विरोध, गाया वंदेमातरम..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय में 'वंदे मातरम' गीत के गायन को अचानक सोनिया गांधी द्वारा रुकवा दिया गया, जिसके बाद भाजपा पुरे देश में कांग्रेस पर हमलावर हो***

गई है। इसी क्रम में बालाघाट में भी भाजपा नेताओं ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे पर 'वंदे मातरम' का विरोध और अपमान का आरोप लगाते हुए रविवार 16 अगस्त की शाम को बालाघाट में भाजपा कार्यालय से मशाल जुलूस निकाला और आंबेडकर चौक पहुंचकर 'वंदे मातरम' का गान गाया और वंदेमातरम् के अपमान के लिये सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और संपूर्ण कांग्रेस से माफी मांगने की बात कही। इस अवसर पर राजकुमार कर्राहे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मुख्यालय पर वंदे मातरम का गान हो रहा था। बीच में ही कांग्रेस की नेत्री सोनिया जी ने कांग्रेस अध्यक्ष को गान रोकने को कहा। यह गान फिर से सम्मान प्राप्त कर रहा है, वो भी सोनिया जी को रास नहीं आता। श्री कर्राहे ने कहा कि सोनिया जी 140 करोड़ की जनता आपको देख रही है। आपके द्वारा किया गया ये पाप इस देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेसियों में जरा भी शर्म बची है तो हाथ जोड़कर बंकिम बाबू की अमर आत्मा और जनता से माफी मांगनी चाहिए।

इस अवसर पर विशाल मंगलानी ने कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा द्रवित रही है। कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति करती रही है, और यही कारण है कि जबकि देश में वंदेमातरम की गुंज हो रही है, कांग्रेस जनभावना के विपरित वंदेमातरम् का विरोध कर रही है।

विज्ञापन संकलन
मो. हासिब खान
जिला सिवनी
संपर्क - मो. 7898530101



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# फुटबॉल स्टेडियम में देशभक्ति के रंग में रंगा सिवनी, कलेक्टर नेहा मीना ने फहराया तिरंगा






## शानदार मार्च पास्ट और विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समां..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

15 अगस्त 2026/ स्वतंत्रता दिवस पर शनिवार को जिला मुख्यालय का स्थानीय फुटबॉल स्टेडियम देशभक्ति, उत्साह और राष्ट्रीय गौरव की भावनाओं से सराबोर नजर आया।

लहराता तिरंगा, गूंजते राष्ट्रगीत और देशभक्ति के स्वर, अनुशासित कदमताल तथा विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने समारोह को यादगार बना दिया। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान की धुन से पूरा स्टेडियम गूंज उठा। ध्वजारोहण के बाद कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने परेड का निरीक्षण किया। मैदान में अनुशासन और जोश का शानदार नजारा उस समय देखने को मिला, जब 24 प्लाटून ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। जवानों और विद्यार्थियों की सधी हुई कदमताल, हर्ष फायर और परेड दलों के उत्साह ने समारोह में नई ऊर्जा भर दी। परेड दल कमांडरों ने मुख्य अतिथि को परिचय दिया। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानियों से भी परिचय कराया गया।

## मुख्यमंत्री के संदेश का हुआ लाइव प्रसारण..

समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रदेश की जनता के नाम संदेश लाइव प्रसारित किया गया। इसके पश्चात कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने जिलेवासियों के लिए मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया।

## रंग-बिरंगे गुब्बारों के बीच दिखे संस्कृति और देशभक्ति के रंग

शांति और हर्ष के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। इसके बाद विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों ने देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। शानदार प्रस्तुतियों में महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने प्रथम, जनजातीय कार्य विभाग ने द्वितीय तथा अरुणांचल पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं मिशन इंग्लिश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं।

## 'ये है मेरा वतन' ने जीता दिल

समारोह का सबसे भावुक क्षण तब आया, जब आशादीप विशेष विद्यालय के बच्चों ने 'ये है मेरा वतन' गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। बच्चों की मासूमियत, आत्मविश्वास और भावनाओं से भरी प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर दिया। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा स्टेडियम गूंज उठा और यह प्रस्तुति समारोह की यादगार झलकियों में शामिल हो गई।

## जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की रही गरिमामय उपस्थिति

समारोह में विधायक श्री दिनेश राय, विधायक श्री कमल मर्सकोले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया, जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भी समारोह में सहभागिता की।

## जिले के विकास की झलक दिखाती पुस्तिका का हुआ वितरण..

इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार की गई जिले के विकास एवं उपलब्धियों पर आधारित विकास पुस्तिका का वितरण भी किया गया। पुस्तिका में जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी समाहित की गई है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को विकास पुस्तिका वितरित की गई।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 82 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

समारोह के समापन अवसर पर विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 82 शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत करने वाले श्रेष्ठ परेड प्लाटून को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने सभी सम्मानित अधिकारी-कर्मचारियों, परेड दलों और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट कार्य एवं प्रदर्शन की सराहना की।'वंदे मातरम्' और राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का गरिमामय समापन हुआ।

# 26 अगस्त को वर्ल्ड पीस डे के रूप मे मनाया जाएगा ईद मिलादुन्नबी पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन





**जगप्रेरणा सिवनी।**

*इस्लामी कैलेंडर का तीसरा महीना रबीउल अव्वल शरीफ़का चांद, सफ़र का तीसा उर्दू तिथि का चांद पूरा कर 15 अगस्त दिन शनिवार को उर्दू तिथि 1 रबीउल अव्वल की तारीख रहेगी इस हिसाब से 12 रबीउल अव्वल 26 अगस्त को पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैय वसल्लम की*

यौमे पैदाइश जन्मदिन पर जूलूस ए मोहम्मदी पर्व शान शौकत के साथ संपूर्ण जिले में शांति पूर्वक मनाया जाएगा जिसमें ये ऐलान अहले सुन्नत व जमात तहरीक अंजुमन रज़ा ए मुस्तफा सिवनी, लब्बैक यूथ फोर्स इंडिया, आल इंडिया सुन्नी हनफी सूफी बरेलवी मुस्लिम त्यौहार कमेटी, गरीब नवाज फाउंडेशन सिवनी, मोहम्मद ज़ुबैर ख़ान बाबा भाई बोरदई, मोहम्मद सुलेमान क़ादरी, सैय्यद गुलाम हैदर अली ठेकेदार, बाबा भाई सैक्रेटरी, सूफी मंज़ूर रज़ा क़ादरी, हज़रत अल्लामा मौलाना मुफ्ती तौहिद आलम रजवी खतिबो ईमाम मस्जिद नूर अंबिया द्वारा जानकारी दी गई है की 15 अगस्त दिन शनिवार को उर्दू तिथि 1 रबीउल अव्वल शरीफ़से 26 अगस्त 12 रबीउल अव्वल तक 12 रोज लगातार लंगर शरीफ़ भंडारे के साथ महफ़िल ए मिलाद जिक्र मोहम्मद सल्लाहो अलैय वसल्लम अलग-अलग मौज़ू पर बाद नमाज़ ए इशा मस्जिद नूर अंबिया में आयोजित प्रोगाम में 15 अगस्त को रात्रि में शानदार जलसा मुनाकिद किया गया है. जिसमें मौलाना रेहान रज़ा दुर्रानी नागपुर, मुफ्ती तौहिद आलम रजवी का खिताब होगा. इस तरह 15 अगस्त से 26 अगस्त तक ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शानदार प्रोगाम रखें गए हैं इस प्रोगाम में ज्यादा से ज्यादा तादाद में शिरकत करने की अपील की गई है। सूफी समाजिक कार्यकर्ता मंज़ूर रज़ा क़ादरी ने बताया कि जिले भर में शांतिपूर्वक यौमे पैदाइश जन्मदिन पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैय वसल्लम के मौके पर जूलूस ए मोहम्मदी शहर सिवनी, बोरदई, गोपालगंज, कुरई, खवासा, भोमा, धनौरा, छपारा, बरघाट, आदेगाव, पलारी, भीमगण, बोरिया, सुनवारा, गणेशगंज, दारोट, कहानी, घंसौर, धूमा बंजारी, भरगा, तिलबोडी, इमालिया, केकडा, बीबी कटोरी, जामुनपानी, जोगीवाडा, बिहिरिया, सिमरिया, प्रतापगढ़, देवरी, सुनवारा, चंडी, बखारी, पायली, बंडोल, हिनौतिया, छतरपुर, छिंदा, कोहका, बहनाटोला, रुमाल, पंडिया छपारा सहित मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में 26 अगस्त को वहां की जमात के तय समय के मुताबिक पैदल जूलूस परंपरागत तरीके मनाया जाएगा.

जिसमें लंगर भंडारे शरबत छबिल वगैरह बाटा जाएगा एवं उलमा ए अहले सुन्नत व जमात की तकरीर नातिया जलसे किये जाएंगे समस्त मुस्लिम बहुल क्षेत्रों ग्रामीण इलाकों की मस्जिद एवं आयोजन समिति अपने अपने क्षेत्र अनुसार जुलूस का आयोजन करती है।

इस बड़े पर्व पर जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक से जिले भर में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के इंतेज़ाम की अपील एवं नगर पालिका परिषद सिवनी, नगर पालिका परिषद बरघाट, केवलारी, छपारा, लखनादौन से विषेष रूप से साफ़सफाई पीने के पानी व्यवस्था एवं विद्युत मंडल प्रकाश व्यवस्था समस्त क्षेत्र में जूलूस मार्ग पर एवं रोड पर स्थित गड्डे भराई की अपील की गई है।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शास. उच्च.माध्यमिक विद्यालय भीमगढ़
राकेश डहेरिया
प्राचार्य एवं समस्त शाला परिवार, वि.खं. छपारा, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चमारी
डॉ. टी.एस. इनवाती
बी.एम.ओ. एवं समस्त स्टाफ, वि.खं. छपारा, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल चमारीखुर्द
मनोज साहू
प्राचार्य एवं समस्त शाला परिवार, वि.खं. छपारा, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पुलिस चौकी भीमगढ़
मुरलीधर पटेल, एसआई एवं समस्त स्टाफ
वि.खं. छपारा, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेंद्र यादव, सुनील चौकसे
मित्र मंडली, भीमगढ़
विकास खंड छपारा,
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती सोनल जैन
उपयंत्री, पं. एवं ग्रामीण विकास
वि.खं. छपारा,
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रजनीश सिंह ठाकुर
विधायक, विधानसभा क्षेत्र 116, केवलारी
वि.खं. छपारा,
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत भीमगढ़
सरपंच : श्रीमती द्रोपती बाई, उपसरपंच ; बलवंत खुशराम,
सचिव : बलराम डहेरिया, रोजगार सहा.: शैलेन्द्र चंद्रवंशी
एवं पंचगण, वि.खं. छपारा, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शास. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भीमगढ़
टी.एस. इनवाती
बी.एम.ओ एवं समस्त स्टाफ, वि.खं. छपारा, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कमल सिंह धुर्वे
रोहित विश्वकर्मा
सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शास. हाई स्कूल हरदुली
माधव सोनी : प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ
वि.खं. धनौरा, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत बोरिया
सरपंच : श्रीमती अंगूरी बाई उईके, उपसरपंच : ताहिर खान, सचिव : अहफाज खान एवं पंचगण, वि.खं. धनौरा,
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नितिन परते
पटवारी हल्क न. 49
भीमगढ़ एवं समस्त स्टाफ,
विकासखण्ड छपारा, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ब्रजेश चंद्रवंशी, बरबसपुर
राजेंद्र लगझरिया, अकलमा
नीलेश चौहान, सरंडिया
वन रक्षक एवं समस्त स्टाफ, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. भीमगढ़
मुन्नीबाई विश्वकर्मा : प्रबंधक एवं समस्त स्टाफ
श्रीमती रंजना तिवारी : ब्रांच प्रबंधक एवं समस्त स्टाफ, वि.खं. छपारा, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. कैलाश साहू
समाज सेवी
एवं मित्रमंडली, सुनवारा
विकासखण्ड धनौरा, जिला सिवनी

# विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# जाम - नेवरगांव - कंजई क्षेत्र में खुलेआम अवैध शराब की बिक्री

### स्वतंत्रता दिवस पर भी धड़ल्ले से बेची गई शराब, प्रशासन से जांच और सख्त कार्रवाई की मांग

### फोरव्हीलर-बाइक से गांव-गांव पहुंचाई जा रही पक्की शराब, पैकारों के संरक्षण में बर्बाद हो रहा युवा भविष्य




**रविकिरन सोनी, जगप्रेरणा लालबर्रा।**

लालबर्रा तहसील अंतर्गत ग्राम जाम, नेवरगांव, कंजई और आसपास के दर्जनों गांवों में अवैध पक्की शराब का कारोबार बेखौफ चल रहा है। जानकारी के अनुसार यह पूरा नेटवर्क कंजई और नेवरगांव में स्थित लाइसेंसी शराब दुकानों से संचालित हो रहा है।

### स्वतंत्रता दिवस पर भी नहीं रुका कारोबार

सबसे चिंताजनक बात यह है कि देशभक्ति और राष्ट्रीय पर्व के दिन भी इस क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से जारी रही।15 अगस्त के एक दिन पूर्व ही फोरव्हीलर और बाइक के माध्यम से शराब की खेप गांव-गांव पहुंचाई गई और होटल-किराना दुकानों पर खुलेआम बिक्री की गई। यह केवल कानून के उल्लंघन का मामला नहीं बल्कि प्रशासनिक निगरानी की गंभीर परीक्षा भी है।

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार सरकारी या ठेके की शराब दुकानों से रोजाना शराब की खेप निकाली जा रही है तथा इसे विभिन्न गांवों के चौराहों, होटलों, किराना और पान-गुटखा की दुकानों पर पैकारों को सप्लाई की जा रही है।

### प्रशासन मौन, समाज परेशान

इस अवैध कारोबार पर आबकारी और पुलिस विभाग कार्रवाई करने से बच रहे हैं। क्षेत्र में लंबे समय से ऐसी गतिविधियां चलने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। जिसका समाज पर बुरा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार गांवों में शराब की सहज उपलब्धता से युवा वर्ग पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है क्षेत्र के युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं।आए दिन घरों में झगड़े, मारपीट और आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। साथ ही महिलाओं को पारिवारिक संघर्ष की स्थिति से गुजरना पड़ रहा है।

### ग्रामीणों की मांग

आक्रोशित ग्रामीणों ने कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक और आबकारी अधिकारी से मांग की है कि ग्राम जाम,नेवरगांव,कंजई सहित आसपास के गांवों में अवैध शराब बिक्री की तत्काल निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा छापेमार कार्यवाही कर इस अवैध नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए। साथ ही राष्ट्रीय पर्वों पर भी शराब बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर व्यवहार न्यायालय वारासिवनी में शान से लहराया तिरंगा..

### विधिक जागरूकता, मध्यस्थता एवं 12 सितंबर की नेशनल लोक अदालत को लेकर किया जागरूक

### समिति अध्यक्ष श्रीमती कविता इवनाती ने अधिक से अधिक लाभ लेने काकिया आह्वान





**कैलाश कसार, जगप्रेरणा वारासिवनी।**

*भारत के 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय वारासिवनी परिसर में गरिमामय एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत वातावरण में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया।*

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन से हुई। इसके पश्चात द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजय राज ठाकुर ने सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' का सामूहिक गायन किया गया।

उपस्थित न्यायाधीशगण, अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन कर्मचारियों ने तिरंगे, मां भारती एवं देश के अमर शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### 'वंदे मातरम् का गरिमामय सामूहिक गायन'

समारोह का गरिमामय शुभारंभ श्रीमती स्वाति श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुआ। उनके साथ सहकर्मियों पुष्पा, वीणा, प्रेरणा, सरिता, चेतना, रीता, रश्मि, कुसुम, संध्या एवं ममता ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' का गायन किया। सामूहिक गायन से न्यायालय परिसर देशभक्ति के भाव से सराबोर हो गया।

### न्यायाधीशगण, अधिवक्ता एवं कर्मचारी रहे मौजूद

समारोह में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कमलेश मीणा, अतिरिक्त न्यायाधीश (प्रथम जिला एवं सत्र न्यायालय) एवं तहसील विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती कविता इवनाती, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड श्रीमती दिव्या सिंह, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड श्री ऋषभ डोनेल सिंह, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड श्रीमती नेहा बाथरी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड श्री नयन जैन तथा तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड श्रीमती अंकिता जैन सहित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### विधिक योजनाओं, निःशुल्क सहायता एवं मध्यस्थता की दी जानकारी

तहसील विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं अतिरिक्त न्यायाधीश श्रीमती कविता इवनाती ने उपस्थित अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों को विधिक सेवा योजनाओं, निःशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता तथा लोक अदालत की उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में विशेष रूप से जागरूक करते हुए कहा कि राजीनामा योग्य प्रकरणों के पक्षकारों को लोक अदालत की प्रक्रिया एवं उसके लाभों की जानकारी दी जाए। उन्होंने अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों को आपसी सहमति के माध्यम से निराकृत कराने के लिए पक्षकारों को प्रेरित करें।

### रंगोली ने बढ़ाई समारोह की शोभा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के मध्यस्थता केंद्र में श्रीमती स्वाति श्रीवास्तव द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक रंगोली सजाई गई। रंगोली ने समारोह की सुंदरता में चार चांद लगा दिए और स्वतंत्रता दिवस के उत्साह को और बढ़ाया।

समारोह के माध्यम से जहां देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया, वहीं विधिक जागरूकता, निःशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता एवं लोक अदालत के माध्यम से आमजन को सुलभ न्याय उपलब्ध कराने का संकल्प भी दोहराया गया। कार्यक्रम गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर राजा भोज महाविद्यालय में विधायक गौरव सिंह पारधी ने किया ध्वजारोहण

### गजपुर स्कूल पहुंचकर बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन..





**जगप्रेरणा कटंगी।**

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजा भोज शासकीय महाविद्यालय, कटंगी में आयोजित गरिमामय समारोह में महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष एवं विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया तथा समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। ध्वजारोहण के पश्चात विधायक श्री पारधी ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें अपने गौरवशाली इतिहास और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण करने के साथ ही राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के माध्यम से सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

### संगोष्ठी में विद्यार्थियों ने रखे विचार

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना के साथ अपने विचार साझा किए। विधायक श्री पारधी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर सीखने और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल शेंडे, डॉ. कुसुमलता उइके, टी.पी. बिसेन, वैभव गुप्ता, टिंकल बाघमरे, धर्मेंद्र भगत, सुनील नागेशो, विनय ठाकुर सहित प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे परिसर में राष्ट्रभक्ति और देश के प्रति समर्पण की भावना दिखाई दी।

### गजपुर स्कूल पहुंचकर बच्चों के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ग्राम गजपुर स्थित एकीकृत शासकीय विद्यालय भी पहुंचे। उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया और राष्ट्रध्वज को नमन करते हुए स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों एवं अमर बलिदानियों को स्मरण किया। विद्यालय में बच्चों के बीच स्वतंत्रता दिवस को लेकर उत्साह और उल्लास का वातावरण रहा।

### बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन

गजपुर में विधायक श्री पारधी ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत बच्चों को उपलब्ध कराए जाने वाले मध्यान्ह भोजन में भी सहभागिता की। उन्होंने बच्चों के साथ भोजन मंत्र किया और नीचे बैठकर उनके साथ भोजन ग्रहण किया। विधायक को अपने बीच बैठकर भोजन करते देख बच्चे भी उत्साहित नजर आए। भोजन के दौरान उन्होंने बच्चों से सहज संवाद किया और उनके साथ आत्मीयता से बातचीत की।

### बच्चों से संवाद कर जानी विद्यालय की आवश्यकताएं

भोजन के बाद विधायक श्री पारधी ने विद्यार्थियों से पढ़ाई, उनकी रुचियों और विद्यालय की गतिविधियों को लेकर संवाद किया। बच्चों ने भी उत्सुकता के साथ विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाएं उनके सामने रखीं, जिनका विधायक ने सहजता से जवाब दिया। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य को लेकर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

विधायक ने विद्यालय की व्यवस्थाओं तथा विद्यार्थियों से जुड़ी आवश्यकताओं की जानकारी भी ली। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से चर्चा कर विद्यालय की जरूरतों को समझा और उनके निराकरण के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, क्योंकि यही बच्चे देश के भविष्य की नींव हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत गढ़ी में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस..

### गांधी चौक पर पूर्व जनपद अध्यक्ष सुश्री सोनाली कुशराम ने किया ध्वजारोहण, हजारों की संख्या में नागरिक एवं विद्यार्थी रहे उपस्थित







**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**

देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत गढ़ी में स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास, उमंग एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख स्थानों, चौक-चौराहों एवं शैक्षणिक संस्थानों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूरे गढ़ी क्षेत्र में सुबह से ही देशभक्ति का माहौल देखने को मिला।

### गांधी चौक गढ़ी में उमड़ा जनसैलाब..

बस स्टैंड गढ़ी स्थित गांधी चौक में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। यहां पूर्व जनपद अध्यक्ष सुश्री सोनाली कुशराम जी द्वारा गरिमापूर्ण वातावरण में ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के दौरान राष्ट्रगान के साथ उपस्थित नागरिकों एवं विद्यार्थियों ने तिरंगे को सलामी दी।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्री महेश मरकाम, प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक शाला गढ़ी श्री महेंद्र तेकाम, वरिष्ठ नागरिक एवं सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी श्री गोपाल सिंह कुशरे, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्री दिलीप सिंह कुशराम, श्री श्यामलाल मेरावी, श्री फूल सिंह मेरावी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर गढ़ी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में नागरिकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य बना दिया।

ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित जनसमुदाय ने भारत माता की जय, वंदे मातरम् एवं जय हिंद के गगनभेदी नारे लगाए। देशभक्ति के नारों से पूरा गांधी चौक राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। विद्यार्थियों में भी स्वतंत्रता दिवस को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

### ग्राम पंचायत गढ़ी में सरपंच ने किया ध्वजारोहण..

ग्राम पंचायत गढ़ी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणजनों एवं गणमान्य नागरिकों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### जन सूचना केंद्र में भी हुआ गरिमामय आयोजन

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जन सूचना केंद्र गढ़ी में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां ग्राम के सेवानिवृत्त पंचायत सचिव श्री दलपत रंधवे द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

कार्यक्रम में नवांकुर संस्था प्रमुख डॉ. अमित पाटिल, सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्री दिलीप सिंह कुशराम, पंच रोशनी परवार, अंतराम धुर्वे, श्रीमती ललिता देशराज, श्रीमती उर्मिला रंधवे, श्रीमती रजनी धुर्वे, श्रीमती बिंदु धुर्वे, सुश्री अनुराधा कुशराम, श्री टेकलाल धानेश्वर, पूर्व सरपंच श्री हीरा सिंह धुर्वे, पंच अंतन उइके सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इसके अलावा सेवानिवृत्त शिक्षक श्री रामशंकर प्रसाद, सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी श्री गोपाल सिंह कुशरे, सामाजिक कार्यकर्ता श्री कोमल शांडिल्य, श्री तरुण सोनवानी, श्री विमल पाटिल, श्री ब्रजेन्द्र रंधवे, श्री गणेश टांडे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती नेहा श्रीवास एवं श्रीमती रमी बैस सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

### अमर शहीदों को किया नमन..

कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों एवं राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि देश की आजादी हमें अनेक वीरों के त्याग और बलिदान से मिली है। आज आवश्यकता है कि हम राष्ट्र की एकता, अखंडता, सामाजिक समरसता और ग्राम विकास के लिए मिलकर कार्य करें।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गढ़ी में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं आम नागरिकों की सहभागिता रही। तिरंगे से सजे चौक-चौराहे और देशभक्ति के नारों से गूंजता वातावरण पूरे आयोजन को यादगार बना गया। ग्राम पंचायत गढ़ी में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह ने राष्ट्रप्रेम, सामाजिक एकता और ग्रामवासियों की सामूहिक सहभागिता की शानदार मिसाल प्रस्तुत की।

# वन्यजीव के शिकार के प्रयास करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार..



**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**

दिनॉक 15/08/2026 को श्रीमान् क्षेत्र संचालक महोदय एवं उपसंचालक महोदय कान्हा टायगर रिजर्व मण्डला के मार्गदर्शन में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वन्यजीव के शिकार के लिए प्रयास कर रहे एक व्यक्ति को बीट सुपखार के कक्ष क्रमांक282 से गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उसके पास से सल्फास के 1 पैकेट, मिट्टी के 2गोली सल्फास वाली। एक कुल्हाड़ी जप्त की गई है। आरोपी पर वन अपराध प्रकरण 21505/14. 15/08/2026दर्ज कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आरोपी की पहचान तीरथ सिंह तेकाम ह्य/श किशनसिह जाति गोंड ग्राम इन्द्री थाना मोतीनाला तहसील बिछिया उम्र 42वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### इस पूरी कारवाही में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों

इस पूरी कारवाही में रेंज ऑफिसर अशोक रागडाले,वनपाल आसिफ कुरैशी, वनरक्षक सागर मरकाम, नंदलाल सुरक्षा श्रमिक, अघन सिंह सुरक्षा श्रमिक और अन्य लोग शामिल रहे।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।*

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

### बोदरा घाटी पुलिया क्षतिग्रस्त..

# बस सेवा बंद होने से अंचल के ग्रामीणों का जन-जीवन प्रभावित

**गर्मी में कुंभकर्णी नीद में सोया रहा विभाग,बारिश में खामियाजा भुगत रही जनता..**





जगप्रेरणा लांजी।

***देश ने 15 अगस्त को आजादी का 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। लाल किले से लेकर गांवों तक विकास, अंत्योदय और दूरस्थ वनांचल को मुख्यधारा से जोड़ने के संकल्प दोहराए गए, लेकिन लांजी-सालेटेकरी मार्ग की बोदराघाटी में जर्जर पुलिया इन दावों के बीच जमीनी हकीकत बयां कर रही है।***

करीब 15 से 20 वर्ष पुरानी स्लैब कलवर्ट पुलिया क्षतिग्रस्त होने के बाद 15 अगस्त से बड़े वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई। इसका सीधा असर यात्री बसों पर पड़ा और 16 अगस्त से लांजी-सालेटेकरी के बीच नियमित बस सेवा भी बंद हो गई।

करीब 60 किलोमीटर लंबे इस मार्ग से दो दर्जन से अधिक वनांचल गांव जुड़े हैं। बस सेवा बंद होने से हजारों ग्रामीणों के सामने आवागमन का संकट खड़ा हो गया है। बाजार, रोजगार, शिक्षा, शासकीय कामकाज और अस्पताल तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों को अब वैकल्पिक साधनों पर निर्भर रहना पड़ेगा।

#### विकास की राह में जर्जर पुलिया बनी बड़ी बाधा

बोदराघाटी की पुलिया लंबे समय से पुरानी और कमजोर बताई जा रही थी। बारिश के दौरान पुलिया की स्थिति और खराब होने के बाद लोक निर्माण विभाग ने सुरक्षा की दृष्टि से यहां बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी। मौके पर अवरोधक, चेतावनी संकेत और सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

विडंबना यह है कि जिस क्षेत्र को कभी अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता था, वह अब नक्सल प्रभाव से बाहर आकर सामान्य जनजीवन की ओर बढ़ रहा है। ऐसे समय में सड़क और परिवहन जैसी बुनियादी सुविधाएं ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। लेकिन मुख्य मार्ग पर पुलिया क्षतिग्रस्त होने से यही संपर्क व्यवस्था प्रभावित हो गई है।

#### 12 किमी का डायवर्जन, बसों के लिए जोखिम

पुलिया बंद होने के बाद सतुझोरी से टेमनी, संदूका और सायर होते हुए शतिझोरी तक करीब 12 किलोमीटर का परिवर्तित मार्ग दिया गया है। यह रास्ता संकरा होने के साथ ही कई जगह खड़ी चढ़ाई और घुमावदार घाटों वाला है। छोटे वाहन तो किसी तरह निकल सकते हैं, लेकिन यात्री बसों और बड़े वाहनों के लिए यह रास्ता सुरक्षित नहीं माना जा रहा।

यही वजह है कि बस संचालकों ने इस मार्ग पर बस चलाना बंद कर दिया है। इसका सबसे ज्यादा असर उन ग्रामीणों पर पड़ रहा है, जिनके लिए नियमित बस ही लांजी पहुंचने का प्रमुख साधन है।

#### आपात स्थिति में अस्पताल पहुंचना बड़ी चुनौती

बस सेवा बंद होने का असर केवल रोजाना आने-जाने वाले यात्रियों तक सीमित नहीं है। किसी ग्रामीण की अचानक तबीयत बिगड़ने, गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाने या दुर्घटना की स्थिति में लांजी अथवा जिला मुख्यालय तक पहुंचना चुनौती बन सकता है।

वनांचल के हर परिवार के पास निजी वाहन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में बस सेवा ग्रामीणों के लिए महज परिवहन सुविधा नहीं, बल्कि जरूरत के समय जीवनरक्षक संपर्क का माध्यम भी है।

#### पुलिया के पास अस्थायी रास्ते की कोशिश भी अटकी

जानकारी के अनुसार पुलिया के बाजू से मोंघे डालकर एप्रोच रोड तैयार कर अस्थायी आवागमन शुरू कराने की कोशिश की जा रही थी। इससे मुख्य मार्ग पर छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही बहाल होने की उम्मीद थी, लेकिन वन विभाग से संबंधित प्रक्रिया के कारण यह काम रुक गया। अब विभाग द्वारा प्रक्रिया पूरी होने के बाद अस्थायी रास्ता तैयार करने की बात कही जा रही है।

#### स्थायी समाधान का इंतजार

ग्रामीणों का कहना है कि वनांचल को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए केवल सड़क बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि पुल-पुलियों का समय पर रखरखाव और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था भी जरूरी है। बारिश के मौसम में पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से यदि मुख्य मार्ग ही बंद हो जाए तो वर्षों से किए जा रहे विकास के दावों पर सवाल उठना स्वाभाविक है। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि मार्ग की पुरानी पुलियाओं के निर्माण के समय गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे थे। अब पुलिया के दरकने के बाद यह मुद्दा फिर चर्चा में है। हालांकि इसकी वास्तविकता की जांच संबंधित विभाग द्वारा ही स्पष्ट की जा सकती है।

#### विभाग बोला - पुरानी पुलिया की जगह बनेगी नई पुलिया

लोक निर्माण विभाग लांजी के एसडीओ सुखराम नेवारे ने बताया कि बोदराघाटी की पुलिया काफी पुरानी हो चुकी है और क्षतिग्रस्त होने के बाद सुरक्षा की दृष्टि से बड़े वाहनों की आवाजाही बंद की गई है। राहगीरों के लिए सतुझोरी से टेमनी, संदूका और सायर होते हुए शतिझोरी तक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराया गया है।

उन्होंने बताया कि पुलिया अब मरम्मत योग्य नहीं है, इसलिए यहां नई पुलिया का निर्माण कराया जाएगा। बारिश रुकने के बाद पुलिया के पास मोंघे डालकर एप्रोच रोड तैयार करने की योजना है। इसके लिए वन विभाग से आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। प्रक्रिया पूरी होते ही अस्थायी रास्ता तैयार कर आवागमन सुचारू कराने का प्रयास किया जाएगा।

फिलहाल सवाल यही है कि नई पुलिया बनने तक वनांचल के हजारों ग्रामीणों को सुरक्षित और सुगम परिवहन कब मिलेगा?

### देशभक्ति की भावना से निकलेगी भव्य शिव कांवड़ यात्रा

# पौनियां से बिसापुर महादेव तक भव्य शिव कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया..

जगप्रेरणा पौनियां।

***भगवान शिव के प्रति आस्था, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक एकता का संदेश लेकर 16 अगस्त 2026 को ग्राम पौनियां से बिसापुर महादेव मंदिर तक भव्य शिव कांवड़***





यात्रा निकाली गई यात्रा का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे शिव मंदिर, राजा भोज ग्राउंड पौनियां से प्रस्थान किया गया। शिव भक्त समिति पौनियां के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में लगभग 20 कांवड़िया एवं 300 श्रद्धालु शामिल हुए। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु देशभक्ति की भावना के साथ तिरंगा ध्वज और भगवा ध्वज लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने बिसापुर महादेव पहुंचे

यात्रा का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, सामाजिक सद्भाव, भाईचारा और युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देने का संदेश देना है।

'हर-हर महादेव के जयघोष के साथ, तिरंगे की शान और राष्ट्रप्रेम का संदेश—यही होगी इस भव्य कांवड़ यात्रा की पहचान।'

# रजेगांव में हर्षोल्लास और देशभक्ति के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस..

**गांव के विभिन्न स्थानों पर शान से लहराया तिरंगा..**

अमन राउत, जगप्रेरणा रजेगांव।

***देश की आजादी के 80वें वर्ष के उपलक्ष्य में 15 अगस्त को ग्राम रजेगांव में स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े ही गर्व, उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के विभिन्न सरकारी कार्यालयों, प्रमुख चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।***






कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, शासकीय कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सबसे पहले ग्राम पंचायत रजेगांव में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच भूपेंद्र बूढ़ेकर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान पंचायत सचिव, पंचगण, ग्रामीणजन तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे। तिरंगा फहराते ही उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान के साथ देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को नमन किया।

इसके बाद ग्राम रजेगांव पुलिस चौकी में भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। यहां निरीक्षक कौशल सूर्य द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में पुलिस चौकी के समस्त आरक्षक एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिसकर्मियों ने देश की एकता, अखंडता और संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गांव के प्रमुख गांधी चौक में भी तिरंगा शान से फहराया गया। इसके पश्चात नेहरू चौक तथा सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया परिसर में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। हर स्थान पर लोगों में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में लोगों ने पूरे गौरव के साथ सहभागिता की। इसी क्रम में ग्राम के प्रमुख श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। यहां भी बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पूरे गांव में जगह-जगह तिरंगा लहराते नजर आया, जिससे रजेगांव का वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा दिखाई दिया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम रजेगांव के विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। गांव के अलग-अलग स्थानों पर हुए कार्यक्रमों में लोगों ने उत्साह के साथ भाग लेकर राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए मिल-जुलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। ग्राम रजेगांव में अलग-अलग स्थानों पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह ने पूरे गांव में राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को और मजबूत किया। दिनभर गांव में तिरंगा शान से लहराता रहा और भारत माता के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा।

# थाना रूपझर जिला बालाघाट के अधिकारी/कर्मचारीयों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस..

संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।





थाना रूपझर के प्रांगण में आज 15 अगस्त को देश का राष्ट्रीय पर्व 'स्वतंत्रता दिवस' अत्यंत उत्साह, देशभक्ति और गरिमामयी माहौल में मनाया गया। समारोह की शुरुआत प्रातः 08:30 थाना प्रभारी निरीक्षक कामेश धुमकेती द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई।

ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और सदस्यों ने मिलकर राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' गाया और तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद माँ भारती के वीर सपूतों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया गया, जिनके अथक संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान के परिणामस्वरूप आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं।

#### समारोह की मुख्य बातें:

सांस्कृतिक प्रस्तुतियां: इस अवसर पर उपस्थित युवाओं और कर्मियों द्वारा देश भक्ति गीत, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

अतिथि उद्बोधन: मुख्य अतिथि महोदय ने अपने संबोधन में देश की एकता, अखंडता और प्रगति पर जोर दिया। उन्होंने सभी को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने और 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने में योगदान देने का संदेश दिया।

संकल्प: कार्यक्रम के अंत में देश की और नागरिकों के कल्याण के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने की शपथ ली गई। कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण और 'भारत माता की जय' तथा 'वंदे मातरम्' के गगनभेदी नारों के साथ हुआ।







# क्षेत्र की खुशहाली और अच्छी बारिश की कामना को लेकर परसवाड़ा में दो दिवसीय अखंड रामायण पाठ..

जगप्रेरणा रजेगांव।


ग्राम परसवाड़ा में क्षेत्र और जिले में अच्छी बारिश, सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर समाजसेवी ओमप्रकाश मरठे के निवास पर दो दिवसीय अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। धार्मिक वातावरण में श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से अखंड रामायण का पाठ किया।

आयोजक ओमप्रकाश मरठे ने बताया कि इस वर्ष अच्छी बारिश को लेकर चिंता बनी हुई थी। खेती-किसानी सहित क्षेत्र के अनेक कार्य बारिश पर निर्भर हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में पर्याप्त बारिश, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना के साथ अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया।अखंड रामायण पाठ में शामिल एक ग्रामीण ने बताया कि इस बार बारिश कम होने की संभावनाओं को लेकर खेती-किसानी सहित अनेक कार्यों को लेकर चिंता बनी हुई थी। उन्होंने कहा कि यह भगवान का आशीर्वाद ही है कि जिस समय दोपहर में अखंड रामायण पाठ प्रारंभ हुआ, उसी समय से लगातार बारिश हो रही है। इसके लिए हम ईश्वर का आभार व्यक्त करते हैं। दो दिवसीय अखंड रामायण पाठ की समाप्ति के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों को महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता कर भगवान श्रीराम का स्मरण किया तथा क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और अच्छी फसल की कामना की।







विज्ञापन संकलन
बलजीत सिंह बकौड़े
धनोरा जिला सिवनी
संपर्क - मो. 724759070



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**श्रीमती अनसुईया लूहारी इनवाती**
जनपद सदस्य जनपद पंचायत धनौरा,
जनपद क्षेत्र ग्वारी एवं समस्त स्टाफ
जिला सिवनी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**जनपद पंचायत धनौरा**
ओमकार सिंह ठाकुर : सीईओ, गुलाब सिंह भलावी :
अध्यक्ष, अर्जुन सिंह उइके: उपाध्यक्ष एवं समस्त स्टाफ
जिला सिवनी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**श्रीमती मीना खेरसिंह कुमरे**
जनपद सदस्य एवं कृषि सभापति, जनपद पंचायत धनौरा
जनपद क्षेत्र बेगरबानी एवं समस्त स्टाफ
जिला सिवनी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**डॉ रविन्द्र नर्रे**
पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी विकासखंड धनौरा एवं
समस्त स्टाफ पशु चिकित्सालय धनौरा
जिला सिवनी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कैलाश बकौड़े**
अधीक्षक राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह शासकीय
सीनियर बालक छात्रावास बेगरवानी एवं समस्त स्टाफ
जिला सिवनी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**संतोष कुमार वेदी**
अधीक्षक राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह शासकीय
अंग्रेजी बालक आश्रम धनौरा एवं समस्त स्टाफ
जिला सिवनी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**मंगरू लाल अहिरवार**
अधीक्षक राजा शंकरशाह कुंवर रघुनाथ शाह शासकीय बालक
छात्रावास संदीपनी विद्यालय धनौरा एवं समस्त स्टाफ
जिला सिवनी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**डॉ. आर.जे. प्रसाद**
खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड धनौरा शासकीय
स्वास्थ्य केंद्र धनौरा एवं समस्त स्टाफ
जिला सिवनी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत धनौरा**
सरपंच दिनेश कोरेती, उप सरपंच अतुल जैन, सचिव प्रकाश
झारिया, सहायक सचिव प्रेमसिंह नायक, जनपद पंचायत
धनौरा समस्त पंचगण एवं पंचायत प्रशासन

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत थावरी**
सरपंच साधना सल्लाम, सचिव राजेश बकौड़े, जनपद
पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन
जिला सिवनी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कौमेंद्र गौतम**
पुलिस चौकी प्रभारी
सुनवारा थाना धनौरा एवं समस्त स्टाफ
जिला सिवनी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**शिवगोपाल उइके**
पटवारी धनौरा,
पटवारी कार्यालय धनौरा एवं समस्त स्टाफ
जिला सिवनी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**प्रदीप तेकाम**
जनपद सदस्य जनपद पंचायत धनौरा जनपद क्षेत्र कुड़ो बार्ड
क्रमांक 7 एवं समस्त स्टाफ
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**बलवीर चौधरी**
अधीक्षक, राजा शंकरशाह रघुनाथ शाह शासकीय बालक
आश्रम बेगरवानी एवं समस्त स्टाफ विकासखंड धनौरा
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**श्री पीतम सिंह जावरिया**
प्राचार्य, संदीपनी विद्यालय साजपानी धनौरा
जिला सिवनी एवं समस्त शाला परिवार
जिला सिवनी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत सलेमा**
सरपंच : करन सल्लाम, सचिव : हरीराम चंद्रवंशी, जनपद
पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन
जिला सिवनी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**ग्राम पंचायत देवरीटीका**
सरपंच हीरा लाल धुर्वे, सचिव कृष्ण किशोर साहू,
जनपद पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**श्रीमती गायत्री साहू**
प्रभारी प्राचार्य, शासकीय कन्या उच्चतर
माध्यमिक विद्यालय धनौरा
जिला सिवनी एवं समस्त शाला परिवार

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत जमुनपानी**
सरपंच : राजेश कुमार उइके, सचिव : छोटे खान,
जनपद पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय प्राथमिक कृषि शाखा सहकारी समिति धनौरा**
प्रशासकः वाणी विलाश शर्मा, प्रबंधकः विनोद कुमार झारिया
एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत उमरपानी**
सरपंच सुरेश मर्सकोले, सचिव शिवराम उइके,
जनपद पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत झलवानी**
सरपंच रामकुमारी उइके, सचिव गुलाब सिंह राय, माल
जनपद पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत साजपानी**
सरपंच सुदामा बाई धुर्वे, सचिव शमशेर खान,
जनपद पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत सालीवाड़ा**
सरपंच घूरो बाई सल्लाम, उप सरपंच आसिफ खान,
सचिव सुभाष राय, जनपद पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं
पंचायत प्रशासन, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**मनीष बसोंड़**
थाना प्रभारी धनौरा,
जिला सिवनी एवं समस्त स्टाफ
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत कुड़ो**
सरपंच सुखराम मर्सकोले, सचिव राजेश उइके
जनपद पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत सुनवारा**
सरपंच रामसिंह उइके, उप सरपंच सतीश बघेल, सचिव
नेपालसिंह राठौर, सहायक सचिव नरेश कुशवाहा
जनपद पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरिया भसूड़ा**
सरपंच विजय कुमार सल्लाम, सचिव राकेश कुमार पंद्रे
जनपद पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**गीता कुमरे**
अधीक्षक, रानी दुर्गावती शासकीय सीनियर कन्या छात्रावास
धनौरा एवं समस्त स्टाफ
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत गनेरी**
सरपंच शांति बाई देवकुमार कोरेती, सचिव गनपत सिंह धुर्वे
जनपद पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत बेगरवानी**
सरपंच कविता मरकाम,
सचिव केशराम यादव
जनपद पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरिया नई**
सरपंच सीमा ठाकुर, सचिव रमेश कुमार कोरेती
जनपद पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत मुर्गहाई**
सरपंच रमाबाई उइके, सचिव राजकुमार पंद्रे
जनपद पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत पिंड्राबोडी**
सरपंच ममता बाई मार्शकोले, सचिव महासिंह मेघ
जनपद पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**पवन यादव**
ब्रांच मैनेजर, मध्य प्रदेश वेयरहाउस कॉरपोरेशन लिमिटेड
धनौरा एवं समस्त स्टाफ विकासखंड धनौरा
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत गुधना**
सरपंच रूपसिंह उइके, सचिव विनोद कुमार वट्टी
जनपद पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत कुडारी**
सरपंच कृष्णकांत उइके, सचिव के के साहू,
जनपद पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत तुआघोघरा**
सरपंच नेपाल सिंह सल्लाम, सचिव नसीर अली
जनपद पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय ग्राम पंचायत घोघरीमाल**
सरपंच जानकी बाई मरकाम, सचिव शमशेर खान
जनपद पंचायत धनौरा समस्त पंच एवं पंचायत प्रशासन
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**अर्जुन सिंह उईके**
जनपद सदस्य एवं जनपद उपाध्यक्ष धनौरा
जनपद क्षेत्र तुआ घोघरा
जिला सिवनी

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433







दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## मुनाफे की मंडी में बिकती इंसानियत : मिलावट के कारोबार पर सबसे बड़ा सवाल

भारत आज विकास की नई ऊंचाइयों को छूने का सपना देख रहा है। हम विकसित भारत की बात कर रहे हैं, दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह मजबूत करने की बात कर रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भारत बनाने का संकल्प ले रहे हैं। लेकिन इसी बीच खाद्य पदार्थों में मिलावट की लगातार सामने आ रही खबरें हमारे सामने एक बेहद गंभीर और चिंताजनक सवाल खड़ा करती हैं कि आखिर हम किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। एक तरफ हम आधुनिक भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का सपना देख रहे हैं, वहीं दूसरी तरफहमारे ही देश में कुछ लोग केवल अधिक मुनाफा कमाने के लिए अपने ही लोगों के स्वास्थ्य और जीवन के साथ खिलवाड़ करने से भी पीछे नहीं हट रहे हैं।

भारतीय खाद्य विभाग द्वारा समय-समय पर की जा रही जांच और छापेमारी में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर अनियमितताएं सामने आती रहती हैं। कई बार बड़े प्रतिष्ठानों से लेकर बड़ी-बड़ी कंपनियों तक के खाद्य पदार्थ जांच के घेरे में आते हैं और कहीं न कहीं गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े होते हैं। यह स्थिति केवल प्रशासन या खाद्य विभाग के लिए चिंता का विषय नहीं है, बल्कि पूरे समाज के लिए आत्ममंथन का विषय है। जब किसी दुकान, प्रतिष्ठान या बड़ी कंपनी से खरीदा गया खाद्य पदार्थ किसी परिवार की रसोई तक पहुंचता है, तो उसके साथ केवल एक उत्पाद नहीं बल्कि उस परिवार का विश्वास भी जुड़ा होता है। एक माता-पिता जब अपने बच्चे के लिए दूध, बिस्किट, मिठाई या कोई अन्य खाद्य पदार्थ खरीदता है, तो वह इस विश्वास के साथ खरीदता है कि वह चीज उसके बच्चे के लिए सुरक्षित होगी। लेकिन जब उसी भोजन में मिलावट या घटिया सामग्री की बात सामने आती है, तो यह केवल नियमों का उल्लंघन नहीं बल्कि उस विश्वास के साथ किया गया बहुत बड़ा धोखा है।

सबसे ज्यादा चिंता तब होती है जब मिलावट का असर बच्चों के भोजन तक पहुंच जाता है। बच्चे किसी भी देश का भविष्य होते हैं और उनके स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता आने वाली पीढ़ी के साथ समझौता है। माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए मेहनत करते हैं, उनके बेहतर भविष्य के लिए पैसा खर्च करते हैं, उन्हें अच्छा भोजन देने की कोशिश करते हैं और चाहते हैं कि उनके बच्चे स्वस्थ और मजबूत बनें। लेकिन यदि बाजार में उपलब्ध खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर ही भरोसा नहीं किया जा सके तो आम आदमी आखिर किस पर विश्वास करे? दूध जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तु से लेकर बच्चों के खाने-पीने की चीजों तक यदि मिलावट का खतरा बना रहे, तो यह केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं है बल्कि पूरे समाज की चिंता है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर कुछ लोग चंद रुपये अधिक कमाने के लिए अपने ही लोगों के स्वास्थ्य के साथ इतना बड़ा धोखा क्यों करते हैं। जिस देश में हम रहते हैं, जिस समाज का हम हिस्सा हैं, उसी समाज के लोगों को मिलावटी सामान बेचकर हम आखिर कौन सा विकास हासिल करना चाहते हैं। जिस व्यापारी के अपने बच्चे हैं, वह दूसरे के बच्चों के लिए खराब खाद्य पदार्थ कैसे तैयार कर सकता है? जिस व्यक्ति को अपने परिवार के स्वस्थ रहने की चिंता होती है, वह किसी दूसरे परिवार के स्वास्थ्य को खतरे में डालने के बारे में कैसे सोच सकता है? वास्तव में यह समस्या केवल लालच की नहीं बल्कि नैतिकता के कमजोर होने की भी है। जब पैसा इंसान की ईमानदारी से बड़ा हो जाता है, तब ऐसी समस्याएं जन्म लेती हैं।

हमें यह समझना होगा कि किसी दूसरे व्यक्ति को धोखा देकर कमाया गया पैसा वास्तविक सफलता नहीं है। यदि किसी की मजबूरी, विश्वास या अनजान होने का फायदा उठाकर मुनाफा कमाया जा रहा है, तो वह व्यापार भले ही आर्थिक रूप से सफल दिखाई दे, लेकिन नैतिक रूप से वह समाज के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। आज हम किसी दूसरे के बच्चे को मिलावटी भोजन देंगे और कल वही समस्या हमारे अपने घर तक पहुंच सकती है। हम जिस समाज में रहते हैं, वहां हम सभी किसी न किसी रूप में एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। इसलिए दूसरों के स्वास्थ्य के साथ किया गया खिलवाड़ अंततः पूरे समाज के स्वास्थ्य और भविष्य को प्रभावित करता है।

निश्चित रूप से ऐसे मामलों में कानून का सख्त होना बहुत जरूरी है। खाद्य पदार्थों में जानबूझकर मिलावट करने वाले लोगों के खिलाफ ऐसी प्रभावी और कठोर कार्रवाई होनी चाहिए कि कोई भी व्यक्ति ऐसा करने से पहले सौ बार सोचने पर मजबूर हो जाए। केवल जुर्माना लगाकर या कुछ समय के लिए कार्रवाई करके यदि ऐसे मामलों को समाप्त मान लिया जाए तो समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं होगा। कार्रवाई ऐसी होनी चाहिए जो दोषियों के अंदर कानून का वास्तविक डर पैदा करे और साथ ही ईमानदारी से काम करने वाले व्यापारियों के लिए एक सुरक्षित और निष्पक्ष वातावरण तैयार करे। हालांकि केवल कानून ही इस समस्या का समाधान नहीं कर सकता। कानून का डर जरूरी है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी है व्यक्ति के भीतर ईमानदारी और अपनी जिम्मेदारी का एहसास।

हमें यह भी समझना होगा कि विकसित भारत केवल बड़ी-बड़ी इमारतों, चौड़ी सड़कों, आधुनिक तकनीक और आर्थिक विकास से नहीं बनेगा। विकसित भारत तब बनेगा जब देश का हर नागरिक सुरक्षित भोजन, स्वच्छ पानी और स्वस्थ जीवन के अधिकार को लेकर निश्चिंत हो सकेगा। अगर हम एक तरफदुनिया में अपनी तकनीकी और आर्थिक ताकत का प्रदर्शन करें और दूसरी तरफहमारे बाजार में बच्चों के भोजन तक की गुणवत्ता पर सवाल उठते रहें, तो हमें अपने विकास की दिशा पर गंभीरता से विचार करना होगा। वास्तविक विकास वही है जिसमें देश की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ नागरिकों का स्वास्थ्य, सुरक्षा, विश्वास और नैतिकता भी मजबूत हो।

इस पूरे विषय में सरकार और खाद्य विभाग की जिम्मेदारी निश्चित रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। नियमित जांच, प्रभावी प्रयोगशाला परीक्षण, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और खाद्य सुरक्षा के नियमों का कड़ाई से पालन करवाना आवश्यक है। लेकिन समाज और उपभोक्ताओं की भी जिम्मेदारी है। हमें जागरूक होना होगा, खाद्य पदार्थ खरीदते समय पैकिंग, निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि और अन्य आवश्यक जानकारी को देखना होगा तथा किसी संदिग्ध खाद्य पदार्थ या गतिविधि की जानकारी मिलने पर संबंधित विभाग तक बात पहुंचानी होगी। जागरूक उपभोक्ता ही बाजार में गुणवत्ता और ईमानदारी की मांग को मजबूत कर सकता है।

व्यापार करना और मुनाफा कमाना गलत नहीं है। हर व्यापारी और कंपनी को लाभ कमाने का अधिकार है, लेकिन लाभ कमाने के लिए किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ समझौता करना किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं हो सकता।

किसी कंपनी का सबसे बड़ा ब्रांड उसका विज्ञापन नहीं बल्कि उसकी ईमानदारी और गुणवत्ता होती है। ग्राहक का विश्वास वर्षों में बनता है लेकिन एक छोटी सी बेईमानी से वह विश्वास हमेशा के लिए खत्म हो सकता है। इसलिए आज आवश्यकता है कि व्यापार में प्रतिस्पर्धा केवल कीमत और मुनाफे की न हो, बल्कि गुणवत्ता और ईमानदारी की भी हो।

हम अपने बच्चों को स्कूलों में ईमानदारी, सत्य और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाते हैं। हम उन्हें बताते हैं कि किसी को धोखा देना गलत है, किसी का अधिकार छीनना गलत है और गलत तरीके से पैसा कमाना गलत है। लेकिन यदि वही बच्चे बड़े होकर समाज में ऐसे लोगों को देखते हैं जो केवल पैसे के लिए दूसरों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हैं, तो उनके सामने हमारे नैतिक मूल्यों पर भी सवाल खड़ा होता है। इसलिए हमें आने वाली पीढ़ी के लिए केवल बेहतर सड़कें और बेहतर तकनीक नहीं बल्कि बेहतर चरित्र वाला समाज भी छोड़ना होगा।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम केवल खाद्य विभाग की छापेमारी की खबर पढ़कर आगे न बढ़ जाएं, बल्कि अपने आप से भी सवाल करें। आखिर हम अपने ही लोगों को धोखा क्यों दे रहे हैं? आखिर कुछ रुपयों का अतिरिक्त मुनाफा किसी बच्चे के स्वास्थ्य से बड़ा कैसे हो सकता है?

आखिर हम कैसा भारत बनाना चाहते हैं, जहां आर्थिक विकास तो हो लेकिन भोजन की शुद्धता पर भरोसा न हो? भारत को वास्तव में विकसित भारत बनाना है तो हमें सरकार से लेकर व्यापारी और आम नागरिक तक सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। सरकार को कानून और कार्रवाई मजबूत करनी होगी, खाद्य विभाग को जांच व्यवस्था प्रभावी करनी होगी, व्यापारियों को ईमानदारी से व्यापार करना होगा और उपभोक्ताओं को जागरूक होना होगा। सबसे जरूरी बात यह है कि हमें अपने भीतर की इंसानियत और ईमानदारी को जीवित रखना होगा।

क्योंकि देश केवल सरकारों से नहीं बनता, देश उसके नागरिकों से बनता है। यदि देश का नागरिक अपने ही देश के दूसरे नागरिक के साथ ईमानदार नहीं है, तो केवल विकास के बड़े-बड़े दावे हमें वास्तविक रूप से विकसित नहीं बना सकते। हमें ऐसा भारत बनाना है जहां कोई माता-पिता अपने बच्चे के लिए दूध या भोजन खरीदते समय यह सोचने के लिए मजबूर न हो कि कहीं इसमें मिलावट तो नहीं है। हमें ऐसा भारत बनाना है जहां व्यापार का आधार केवल मुनाफा नहीं बल्कि विश्वास हो, जहां कानून का डर हो लेकिन उससे भी ज्यादा अंतरात्मा की आवाज मजबूत हो और जहां किसी के बच्चे का स्वास्थ्य किसी दूसरे व्यक्ति के लालच से छोटा न हो। यही सच्ची देशभक्ति है, यही सच्ची नागरिक जिम्मेदारी है और यही उस विकसित भारत की वास्तविक नींव है जिसका सपना हम सब देखते हैं।

लेखक



हरीश नाग

## फिर आज आसमाँ से कहने लगा तिरंगा..

फिर आज आसमाँ से कहने लगा तिरंगा,
ये देश हमारा है, बहती जहाँ है गंगा।
ऊँचा जहाँ हिमालय, फैला हुआ है लंबा,
ये देश हमारा है, बहती जहाँ है गंगा।

है सभ्यता निराली, है हर अदा निराली,
मिल-जुल के हम सभी ने, है एकता सँभाली।
ये आशियां सजाने जोड़ा है तिनका-तिनका,
ये देश हमारा है, बहती जहाँ है गंगा।

हैं पर्वतों से बहती नदियाँ यहाँ निराली,
मैदान, जंगलों में
रहती सदा हरियाली।
नफ़रत नहीं बोता है,
मन है सभी का चंगा,
ये देश है हमारा,
बहती जहाँ है गंगा।

अपना लहू बहाकर
सींचा चमन जिन्होंने,
समता की स्याही से
लिखा वतन जिन्होंने।
उनकी बदौलत ही
तो खिल सका तिरंगा,
ये देश है हमारा,
बहती जहाँ है गंगा।

लेखक



संतोष सिंह नैकाने,
गोंदिया महाराष्ट्र

## हमारा आशियाना..

हमारा आशियाना उन
चरागों ने जलाया है।
जिन्हे तूफ़ान से लड़कर
फक़त हमने बचाया है।

भयंकर आँधियों में जो
सहारा माँगने आये।
हमारी पीठ पर खंजर
उन्होने ही चलाया है।

जिन्हे बे नफ़्स होकर हर
मदद दी थी मुसीबत में।
उन्होने रंग असली तो
जरूरत में दिखाया है।

हमारी बेवफ़ाई पर हमें
इल्जाम मत देना।
सलीका ये मुहब्बत का
तुम्ही ने ही सिखाया है।

सुधरता क्यों नहीं आखिर
सहज तू ठोकरें खाकर।
तुझे इंसानियत का मर्ज
ये किसने लगाया है।

सहज

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 247

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | 6 | 7 | 8 | | 9 | 10 | 11 | | 12 | | 13 | | 14 | |
| 15 | | | | | 16 | 17 | | | | | 18 | | | | | | 19 | 20 | | |
| | | | 21 | 22 | | | | 23 | | 24 | | | | 25 | | 26 | | 27 | | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | 32 | | | | 33 | | | | 34 | 35 | | 36 | | 37 | |
| | 38 | | | | | | | 39 | | | | 40 | 41 | | | | 42 | 43 | | |
| 44 | | | | | | 45 | 46 | | | 47 | | | | | | | 48 | | 49 | |
| | | 50 | 51 | | 52 | | 53 | 54 | | | | 55 | | | | 56 | | | 57 | |
| 58 | 59 | | 60 | 61 | | 62 | | | | 63 | | | | | 64 | | | 65 | | |
| 66 | | 67 | | | | 68 | | | 69 | | | | | 70 | | | | 71 | | 72 |
| 73 | | | | 74 | 75 | | | | 76 | | 77 | | 78 | | 79 | | 80 | | | |
| | | | 81 | | | | 82 | 83 | | 84 | | 85 | | | | | | | 86 | |
| | 87 | | | | 88 | 89 | | | | 90 | | | | | | 91 | | 92 | | |
| 93 | | | 94 | 95 | | | | 96 | 97 | | 98 | | 99 | | 100 | | | 101 | | |
| 102 | | 103 | | 104 | | | 105 | | | | | | 106 | 107 | | | 108 | | | 109 |
| | | 110 | 111 | | | 112 | | 113 | | | | 114 | | | | | | | 115 | |
| 116 | | | | | | 117 | | | | | 118 | | | | | 119 | | | | |

Aij I: uhp: I& 1) दी गई अवधि, मीयाद 2) पति या पत्नी की मां 3) तब, इसके बाद 4) रत्न 5) सिंह 6) दुर्ग, गढ़, विशाल भवन 7) महाराष्ट्र के एक प्रसिद्ध क्रान्तिकारी का कुलनाम 8) परसो के बाद का दिन 9) बराबर, समान 10) ऊंचे पद से नीचले पद पर नियुक्त किया हुआ 11) स्त्री 12) सवाल 13) संदेह 14) चौतीस का आधा 17) रोकना, नहीं कहना 20) नष्ट, विध्वंस 22) ओड़िशी का एक प्रमुख जिला 24) पश्चिम बंगाल के एक पुराने प्रसिद्ध समाज सुधारक, इन्ही के अथक प्रयत्नोंसे अंग्रेज सरकारने विधवा विवाह और बाल विवाह विरोधी कानून पारित किया. 25) काल, वक्त 26) भभूत, भस्म 28) एक दल से दूसरे दल में प्रवेश करना 30) चिन्ह, लक्ष्य 31) जोर से हंसना, अट्टाहास 35) यात्रा 36) राज भवन, राज प्रसाद 41) झरोखा, खिड़की 43) अंग्रेजी में भाग्य 44) श्रीराम का जयजयकार 46) बुढ़ापा 49) बराबरी 51) निर्भीक, न डरनेवाला 52) ग्राम 54) शहद, मकरंद 55) मुसलमानों की प्रार्थना 56) खलबली 59) बहुत बड़ा, श्रेष्ठ 61) रात को सुगंध देनेवाला फुलों का एक वृक्ष 62) नाई 65) दिन, वार 67) पानी में उबला हुआ चावल, प्रभात, सबेरा 69) रहित, बिना 70) धर्म (उर्दू) 72) महर्षी वाल्मिकीद्वारा रचित एक महाकाव्य 75) पचाना 77) पानी में स्थित महल 78) स्वच्छ 79) आर्द्रता 80) वंश, खानदान, कुटुंब 81) लेखनी 82) किसी वस्तु के नीचे का भाग 83) हिन्दी के एक सुप्रसिद्ध संत कवि जिनके दोहे और सखियां प्रसिद्ध है 85) तनातनी 86) इच्छा, प्रार्थना 87) हाथ का वह भाग जिसपर घड़ी पहनी जाती है 89) पेड़ का धड़ 91) दूसरा, भिन्न, इतर 92) श्रीविष्णु का एक अवतार 93) जबरदस्ती,, बलपूर्वक 95) मुसलमानोंद्वारा पूज्य व्यक्तियों के लिए एक संबोधन 97) हमारे एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री का कुलनाम 99) उपहार, भेंट 100) स्वीकार करना, मान्य करना 103) सख्त का अपभ्रंश रुप, कड़ा, दृढ़ 107) बाहर का, बाह्य 108) कन्या का पति 109) अंग्रेजी साल का एक महीना 111) देह, शरीर 112) कहानी 114) सिर 115) मूल्य, कीमत ●
(जवाब अगले अंक में)

ck;s ls nk;s& 1) सराय, धर्मशाला 6) कृषक 9) स्वप्न, ख्वाब 12) उजाला 14) दंड 15) तमन्ना, लालसा 16) हमला करनेवाला 18) सड़क पर बन्दर, रीछ आदि का तमाशा दिखानेवाला 19) किसी स्थान को घेरने के लिए लगाया गया मोटा कपड़ा 21) इन्कार करना 23) भोजन पकाने का स्थान, बना हुआ भोजन 27) एक ऋतु 29) थोड़ासा 32) दाग 33) सांस लेने की क्रिया 34) मजाकिया, हंसोड़ 37) किसानों का एक उपकरण 38) उत्तर प्रदेश का एक प्रसिद्ध शहर 39) एक लचीला पदार्थ 40) वेश्या 42) नीर, पानी 44) रामायण में सीता के पिता 45) घमंड, चोंचला 47) पहिया, मंडल 48) उद्देश्य 50) नुकसान 53) रामायण के नायक 55) चक्षु, आंख 56) परत 57) सम्पत्ति, सामान 58) रामायण में सीता के पति 60) भयंकर 63) मौजूद, जो अस्तित्व में हो, उपस्थित 64) मल्ल 66) वेद व्यासद्वारा रचित एक बड़ा ग्रंथ 68) जनक, बाप 69) शिक्षा से प्राप्त ज्ञान 71) महाराष्ट्र की एक पुरानी रियासत 73) शोभा (उर्दू) 74) आराम, सुख 76) अस्वस्थ 78) ऋषि कपूर, जूही चावनला का एक पुरानी पारिवारिक फिल्म 81) दासी,, सेविका 82) पर्यंत 84) मिथ्या धारणा 86) आमदनी 87) वध, हत्या 88) स्वार्थी 90) किसी काम में लीन होना 91) किसी चित्र या प्रतिमा के आवरण को समारोहपूर्वक हटाने की क्रिया 93) आफत 94) सुगंधित होना 96) सूजी 98) यज्ञ में आहुति डालना 100) स्वीकार्य, मानने योग्य 101) फिल्म 'जिस देश में गंगा बहती है' में राज कपूर का नाम 102) धनवान 104) धन, सोना, जीर्ण 105) अनुमान 106) बोली,, जीभ 108) जलन 110) जोखिमभरा 113) सांप पकड़नेवाला या उन्हें पालनेवाला 114) प्रशंसा, तारीफ 115) धब्बा 116) साम्राज्य, हुकूमत (उर्दू) 117) भारत का सबसे बड़ा मरुस्थल 118) परस्त्री 119) चंपे का जाति क उग्र तथा मोहक गन्ध का एक फूल

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | सा | फि | र | | बा | स | म | ती | | इ | ना | म | | हि | मा | च | ल | प्र | दे | श |
| स | फ | र | | ह | ला | ह | ल | | वै | | म | | ख | ट | म | ल | | णा | | क्क |
| ल | | ना | पा | क | | दे | ना | | ज | ना | र्द | न | | ल | ला | | श | म | शे | र |
| मा | ला | | स | दा | शि | व | | ज | यं | ती | | क | म | र | | ह | क | | ष | |
| न | य | न | | र | वा | | ध | र | ती | | खा | ली | | | म | द | | ज | ना | ब |
| | क | स | म | | ल | ग | न | | मा | द | क | | सु | दि | न | | ना | य | ग | रा |
| वि | | ल | | पा | य | ल | | प | ला | श | | त | न | या | | दु | | ज | | ब |
| शा | दी | | म | त | | त | म | स | | र | क्त | | ह | स | र | त | ज | य | पु | री |
| खा | | दि | न | क | र | | ग | | न | थ | | नि | रा | ला | | का | ल | का | | |
| प | क | वा | न | | फू | ल | न | दे | वी | | खा | रा | | ई | श्व | र | | र | स | ना |
| ह्र | | ली | | बं | | गा | | व | न | स्प | ति | शा | स्त्र | | स | ना | थ | | र | ग |
| न | या | | नं | द | न | व | न | | ता | | र | | | म्या | न | | र | थ | का | र |
| म | द | द | गा | र | | | शा | ला | | अ | दा | ल | त | | | प | थ | क | र | |
| | व | र | | गा | फि | ल | | ज | न | व | री | | क | पा | ल | | रा | ना | | पी |
| कौ | | बा | र | ह | | ला | वा | | ख | स | | द | ली | ल | | मा | ह | | मौ | त |
| आ | म | र | ण | | खा | ट | | श | रा | र | त | | फ | की | र | | ट | क | सा | ल |

anumeya-08446302691



जग प्रेरणा

# व्यापार समाचार

● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

शास.उच्च.मा.विद्यालय नगपुरा
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
चंद्रपाल उइके प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षणगण नगपुरा, लालबर्रा

ग्राम पंचायत बकोडा
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
श्रीमती पुष्पा श्रीराम नागेश्वर (सरपंच)
योगराज टेंभरे (सचिव)
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बकोडा, लालबर्रा

ग्राम पंचायत रमपुरी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
श्यामलाल मानेश्वर सरपंच
युवराज मानेश्वर सचिव
एवं समस्त ग्राम पंच एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत रमपुरी, लालबर्रा

शास.उच्च.मा.विद्यालय अमोली
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
संजीत भालेकर प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षणगण अमोली, लालबर्रा

ग्राम पंचायत खुरपुडी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
महेश कावरे सरपंच
श्रीमती आशा माने सचिव
एवं समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत खुरपुडी, लालबर्रा

ग्राम पंचायत सिहोरा
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
संजय टेंभरे सरपंच
योगेश ठाकुर सचिव
समस्त ग्राम पंच एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत सिहोरा, लालबर्रा

ग्राम पंचायत बगदेही
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
शैलेन्द्र धुर्वे सरपंच
डोमनलाल सोनवाने सचिव
समस्त ग्राम पंच एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत बगदेही, लालबर्रा

ग्राम पंचायत बोरी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती मंजू प्रेमसुंदर बारमाटे सरपंच
मुनेश्वर गिरी सचिव
एवं समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत बोरी, लालबर्रा

शास.उच्च.मा.विद्यालय डोंगरिया
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
घनश्याम सोनी प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षणगण डोंगरिया

ग्राम पंचायत सीताडोगरी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
नवलसिंह पुषाम सरपंच
भादू यादव सचिव

ग्राम पंचायत सरेखा
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
मंजुलता मरकाम सरपंच
लोचन सिंह राजपूत उपसरपंच
ललित कुमरे सचिव

ग्राम पंचायत खलोंडी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
निर्मला वल्के सरपंच
बसंत कुंबले उप सरपंच
सोहमत सिह वायाम सचिव
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत खलोंडी
यशवंत तिल्लासी रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत अरंडिया
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
सुमन सिंह उईके सरपंच
जगदीश सोनेकर सरपंच
अनिल बोरिकर रोजगार
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत अरंडिया

ग्राम पंचायत सुंदर बिरसोला
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
सरस्वती विशेष बिसेन सरपंच
योगेंद्र लिल्हारे सहायक सचिव
संजय राहंगडाले सचिव
एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत सुंदर बिरसोला

ग्राम पंचायत तिरोडी
जनपद पंचायत कटंगी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
फौजिया जुनैद खान सरपंच
चुन्नीलाल कुलदीप उपसरपंच
खिलेन्द्र भारती सचिव एवं समस्त ग्रामवासी, ग्राम पंचायत तिरोडी जनपद पंचायत कटंगी

ग्राम पंचायत सवारी
जनपद पंचायत कटंगी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
खेमराज पटले सरपंच
नरेंद्र भैरम सचिव
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत सवारी

ग्राम पंचायत मोहगांव नांदी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
उर्मिला अशोक पटले सरपंच
गणेश गौतम सचिव
गुरू प्रसाद उइके उपसरपंच
आशीष वासनिक सहा सचिव
एवं समस्त पांच एवं समस्त ग्रामीण



ग्राम पंचायत मिरगपुर
जनपद पंचायत खैरलांजी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
दीपक देशमुख सरपंच
कोमल पटले सचिव
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मिरगपुर



ग्राम पंचायत हरदोली
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
रत्नमाला मिर्चुले सरपंच

समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती गीता राहंगडाले
तिरोडी तहसीलदार
एवं समस्त ग्रामवासी

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..
दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..
मो. 9329033433

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# स्वाधीनता दिवस पर देशभक्ति के रंगों में रंगा क्षेत्र : धूमधाम से हुआ ध्वजारोहण बच्चों ने मार्च पास्ट कर दी सलामी..






जगप्रेरणा किरनापुर।

*15 अगस्त देश के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे क्षेत्र में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का अनोखा उत्साह देखने को मिला*

सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं सहित जगह-जगह आन बान शान के साथ तिरंगा फहराया गया मुख्य समारोह बेसिक स्कूल ग्राउंड में आयोजित किया गया जहां मुख्य अतिथियों की उपस्थितियों में ध्वजारोहणकर तिरंगे को सलामी दी गई ।

## जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति..

कार्यक्रम में मुख्य रूप से वर्तमान विधायक राजकुमार कर्राहे, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष सुश्री हिना कावरे, पूर्व विधायक पुष्पलता कावरे, जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह, उपाध्यक्ष भुवन भाऊ रंहागडाले, जनपद सदस्य, सरपंच, पंचगण सहित प्रशासनिक अमला विशेष रूप से मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया और क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और भाईचारे का संदेश दिया।

## बेसिक स्कूल मैदान में मार्च पास्ट का आकर्षण..

समारोह का मुख्य आकर्षण बेसिक स्कूल ग्राउंड में आयोजित परेड रही। विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी/स्काउट की टुकड़ियों ने अनुशासित मार्च पास्ट करते हुए राष्ट्रध्वज को तिरंगी सलामी दी। बैंड बाजो की मधुर धुनों के बीच बच्चों के अनुशासित कदमों ने वहां मौजूद हर नागरिक का मन मोह लिया।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां..

ध्वजारोहण के उपरांत स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, समूह नृत्य प्रस्तुत किए गए। जगह-जगह प्रभात फेरियां निकाली गईं और मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरे दिन क्षेत्र 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के जयघोषों से गुंजायमान रहा।

# दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस..





जगप्रेरणा किरनापुर।

*दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह का हुआ आयोजन डॉ सुनीता जैन प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं स्वतंत्रता दिवस*

समारोह के प्रभारी शशांक नेवारे सहायक प्राध्यापक के संयोजन में आयोजित किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर आर आर सोनवाने (सेवानिवृत्त प्राचार्य) शासकीय महाविद्यालय, लांजी के आतिथ्य में विशिष्ट अतिथि रामकुमार राणा,पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष, महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी की उपस्थिति में सम्पन्न, प्रातः 7.30बजे ध्वजारोहण, वंदेमातरम, राष्ट्र गान तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम, विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय गीत,भाषण, नृत्य किया।

उद्बोधन,प्राचार्य डॉ. सुनिता जैन ने स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर उपस्थित अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों का अभिवादन किया। उन्होंने महाविद्यालय परिवार को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मूल्यों एवं शिक्षा के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि का वक्तव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपना वक्तव्य देते हुए प्रोफेसर आर. आर. सोनवाने ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को देश की प्रगति में योगदान देने, देशभक्ति की भावना बनाए रखने और शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का संदेश दिया।

महाविद्यालय के प्राध्यापकों का संबोधन कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए विविध समितियों का गठन किया गया ध्वजारोहण व्यवस्था-डॉ पल्लवी रिनाहिते, डॉ लीलाधर चाचाने, अनुराग कौशल, सुलोचना सिमटे, स्वीटी पटले, प्रो संतोष पटले, प्रो कृष्ण कुमार, डॉ लीलाधर चचाने, मंचीय व्यवस्था -प्रो वरेण्य सिरसाटे, इतेश लिल्हारे, चौहान, दुष्यंत, सांस्कृतिक/ सजावट समिति, साक्षी बंसोड़, मान्यता तिवारी, गायत्री केकती, दीपिका बिसेन, रोशनी कावरे, करुणा वाहने, स्वल्पाहार वितरण समिति- सरिता सिंह, गणेश भूते,गणेश लिल्हारे, ध्वनि तकनीकी व्यवस्था डॉ तीरथ राम सिन्हा, नकुल चापेकर, नितेश बोहरे, हेमराज खरे।

मंच संचालन वरेण्य सिरसाटे ने किया। आभार शशांक नेवारे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

# नगर में धूमधाम से मनाया गया 80 वा स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह स्टेडियम मे हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम..






जगप्रेरणा लांजी।

*देश की आजादी की 80वीं वर्षगांठ का स्वतंत्रता दिवस समारोह लांजी में आन-बान-शान और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुए।*

मुख्य समारोह वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में आयोजित किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों, विद्यार्थियों एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

नगर के हृदय स्थल सुभाष चौक में लांजी-किरनापुर विधायक राजकुमार कर्राहे ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान के कारण हमें आजादी मिली है। हमें राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता को मजबूत करने के लिए अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए।

## नगर के विभिन्न स्थानों पर हुआ ध्वजारोहण..

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुबह 7:15 बजे नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले तथा गांधी चौक में सभापति श्रीमती शिखा कैलाश गोस्वामी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद सुबह 8 बजे सुभाष चौक में विधायक राजकुमार कर्राहे ने ध्वजारोहण किया।

## वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में हुआ मुख्य समारोह

लांजी क्षेत्र का मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह सालेटेकरी मार्ग स्थित वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में आयोजित किया गया। सुबह 9 बजे जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना खोंगल ने अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष अर्चना खोंगल ने की। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले सहित जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे, नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप रामटेककर, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र खोंगल, जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे, सभापति श्रीमती शिखा गोस्वामी, किशोर रामटेक्कर, विजय गोस्वामी, दिनेश कचवाहे, कस्तुरा वाकड़े, पार्षद संजय सैय्याम, श्रीमती विभा तिवारी, श्रीमती पूनम आसटकर, श्रीमती प्रेमलता खोब्रागड़े, श्रीमती कल्पना डोलस, श्रीमती तेजेश्वर गोदुले, सौरभ मोनू पशीने, मुकेश रणदिवे, मनोनीत पार्षद आलोक चौरसिया, अविनाश रैंच, श्रीमती सुशीला दुग्गड़, श्रीमती प्रगति पालीवाल, सांसद प्रतिनिधि राकेश रामटेक्कर एवं विधायक प्रतिनिधि कैलाश पुरी गोस्वामी सभापति दिनेश लाडे, महेंद्र पटले, समस्त जनपद सदस्य, पूर्व सरपंच समाज सेवी युगेश रामटेककर, मधुकर आसटकर, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर संतोष मोरघड़े, एसडीएम कमल चंद सिंहसार, तहसीलदार, नायाब तहसीलदार, अनुविभागीय सभी अधिकारी कर्मचारी गण, सभी स्कूली संस्थाओ के प्राचार्य, संचालक, शिक्षक शिक्षिकाएं. छात्रः छात्राएं तथा आमंत्रित अतिथि गण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रगान, वंदे मातरम और मध्यप्रदेश गान के बाद हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम..

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 8:55 बजे अतिथियों का आगमन हुआ। सुबह 9 बजे ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान एवं मध्यप्रदेश गान हुआ। इसके बाद जनपद अध्यक्ष अर्चना खोंगल द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों ने मिलकर शांति के प्रतीक गुब्बारों को खुले आसमान मे छोड़ा गया। मुख्य समारोह में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मंचासीन अतिथियों के हस्ते प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक आंनद लटारे के द्वारा किया गया.


पूरे आयोजन के दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के जयघोष से वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर रहा। स्वतंत्रता दिवस समारोह ने नागरिकों को देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रनिर्माण के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराया।


## एसडीएम ने जताया आभार, स्वतंत्रता दिवस समारोह की सफलता पर सभी का किया अभिनंदन..

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लांजी में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के सफल एवं गरिमामय आयोजन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) कमलचंद सिंहसार लांजी ने जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, नगर परिषद एवं जनपद पंचायत के पदाधिकारियों, पुलिस प्रशासन, शिक्षकों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों तथा नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

एसडीएम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व का सफल आयोजन सामूहिक सहभागिता और सहयोग से ही संभव होता है। उन्होंने कार्यक्रम में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद देते हुए कहा कि नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने समारोह को और अधिक भव्य एवं गरिमामय बनाया।

उन्होंने विशेष रूप से स्कूली विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता करने वाले प्रतिभागियों की सराहना की। साथ ही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिए गए एकता, अखंडता, राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रसेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। एसडीएम ने सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी मिलकर देश और क्षेत्र के विकास में अपनी जिम्मेदारी निभाएं तथा राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान दें।







मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
**हेमंत नायक**
मो. 88273 19933



जग प्रेरणा live मंडला नैनपुर
● बिछिया ● बीजाडांडी ● घुघरी ● मवई ● मोहगांव ● नारायणगंज ● निवास

**विज्ञापन आमंत्रित है..**
संपर्क - मो. 9329033433

# मंडला पुलिस की बड़ी सफलताः दो अंधी हत्याओं का खुलासा, 2020 के रोशन लाल हत्याकांड से भी उठा पर्दा





मृतक रानू नंदा

जगप्रेरणा मंडला।

***मंडला पुलिस ने दो चर्चित अंधी हत्याओं का खुलासा कर बड़ी सफलता हासिल की है। हाल ही में सामने आए रानू नंदा हत्याकांड की जांच के दौरान पुलिस ने न केवल इस मामले के आरोपियों को गिरफ्तार किया,***

बल्कि वर्ष 2020 में हुए रोशन लाल चक्रवर्ती हत्याकांड की गुत्थी भी सुलझा दी। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन एवं एसडीओपी पियूष मिश्रा के नेतृत्व में गठित विशेष टीमों ने मामले की जांच की। 7 अगस्त को महाराजपुर थाना क्षेत्र के डुंगरिया-बंहेगा स्थित बिही बगीचा के पास जंगल में एक अज्ञात महिला का जला हुआ शव मिला था।

जांच के दौरान शव की पहचान रानू नंदा (37) के रूप में हुई, जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट 30 जुलाई को हिरदेनगर चौकी में दर्ज कराई गई थी। तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने रामसिंह चक्रवर्ती और उसके साथी चंद्रशेखर पटेल को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने बताया कि रामसिंह और रानू के बीच प्रेम संबंध थे। रानू विवाह का दबाव बना रही थी, जबकि रामसिंह पहले से विवाहित था। इसी कारण दोनों आरोपियों ने हत्या की साजिश रची।

पुलिस के अनुसार, रानू को बैहंगा के पास एक सागौन बाड़ी में कीटनाशक मिला पानी पिलाया गया और बाद में स्टॉल से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई। पहचान छिपाने के लिए शव पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। आरोपियों के कब्जे से मृतका के चांदी और सोने के आभूषण, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, कीटनाशक की खाली डिब्बी तथा अन्य सामान बरामद किया गया है।

## 2020 के रोशन लाल हत्याकांड का भी खुलासा..

रानू नंदा हत्याकांड की जांच के दौरान रामसिंह से पूछताछ में वर्ष 2020 में बम्हनी थाना क्षेत्र के सिलगी रोड स्थित चिरई पहाड़ी के पास हुए रोशन लाल चक्रवर्ती हत्याकांड का भी खुलासा हुआ। पुलिस के अनुसार, रामसिंह ने संजू उर्फ संजय चक्रवर्ती से सुशील दत्त मिश्रा के माध्यम से सुपारी लेकर रोशन लाल की हत्या करना स्वीकार किया है।

इस मामले में संजय चक्रवर्ती और सुशील दत्त मिश्रा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों मामलों में पुलिस द्वारा आगे की पूछताछ एवं वैधानिक कार्रवाई जारी है। उल्लेखनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने एसडीओपी पियूष मिश्रा, उप निरीक्षक हरछठ ठाकुर सहित जांच टीम के अन्य पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

# अतिथि शिक्षकों ने स्थाई नीति की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**23 अगस्त को जिला मुख्यालय में सरकार के घेराव की दी चेतावनी**





जगप्रेरणा मण्डला।

अतिथि शिक्षक समन्वय समिति मध्यप्रदेश के प्रांतव्यापी आवाहन पर रविवार 16 अगस्त को जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन के साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष और कलेक्टर के हाथों ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष पी.डी. खैरवार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री, राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले अतिथि शिक्षकों के लिए स्थाई नीति बनाने और लंबित समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि स्थाई नहीं करके समान कार्य-समान वेतन तो दूर, सीधी भर्ती, प्रमोशन और अन्य नीतियों के कारण कभी भी बेरोजगार कर दिए जाने की नीति 18 वर्षों से सरकार बंद नहीं कर रही है।

संगठन की प्रमुख मांगों में कम से कम 7 शिक्षा सत्र या 1000 कार्यदिवस पूर्ण करने वाले अतिथि शिक्षकों को अधिकतम अनुभव के आधार पर 12 माह सेवाकाल और जीवन पर्यन्त सेवा पर रखने, अतिथि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया बनाने, शिक्षक भर्ती पात्रता नियम शर्तों के अनुसार संविदा शिक्षक बनाकर गुरुजी, औपचारिकेत्तर अनुदेशक पर्यवेक्षक की तर्ज पर नियमित रोजगार से जोड़ने, विभागीय परीक्षा में सेवाकाल अनुसार कम से कम 20 बोनस अंक देने, पूर्व में काम कर चुके अतिथि शिक्षकों को वरीयता, पूर्व वर्षों के पैनल को प्राथमिकता, अतिथि शिक्षक भर्ती में अप्रशिक्षित लेकिन अनुभवी शिक्षकों के लिए डी. एल. एड./ बी. एड. अनिवार्यता समाप्त करने और शासन की ओर से प्रशिक्षित कराने, ई-अटेंडेंस का समय सुबह 11 से शाम 4 बजे तक करने और मासिक मानदेय 10 तारीख तक अनिवार्य भुगतान सहित अतिथि शिक्षक भर्ती में आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग शामिल है।

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा की गई घोषणा और कांग्रेस के शासनकाल में विधायक रहते हुए वर्तमान मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के द्वारा लिखे गए पत्र का पालन लंबे समय बीत जाने के बाद भी सरकार के द्वारा नहीं करने का आरोप लगाया गया है।आगे चेतावनी दी गई है कि यदि एक सप्ताह के भीतर वर्षों लंबित मांगें पूरी नहीं की गईं तो 23 अगस्त 2026 को कलेक्ट्रेट के सामने विशाल प्रदर्शन करने बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लाखों अतिथि शिक्षक परिवार आर्थिक और सामाजिक संकट से जूझ रहे हैं, इसे तत्काल खत्म किया जाए।

प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष पी.डी. खैरवार के साथ संजय सिसोदिया, कृष्ण कुमार वल्के, एन.एल. नाग, अरुण बैरागी, रेणु तिवारी, उपासना ठाकुर, गणेश झारिया, उदय झारिया, राकेश चौधरी, हेमराज मसराम, अनुभव झारिया, राकेश गोप, विवेक साहू, हेमंत मरावी, श्यामले सैयाम, जितेन्द्र साहू, सी एल सरौते सहित जिले भर से बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक शामिल रहे। 23 अगस्त के एक दिवसीय प्रदर्शन में जिले के सभी अतिथि शिक्षकों से पहुंचने की अपील भी की गई है।

# स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों को परोसे भोजन पर सवाल, चांवल में घुन और अधपकी पूड़ियों का आरोप..

**बुडला प्राथमिक शाला में मिड-डे मील को लेकर अभिभावकों में नाराजगी, जांच और कारवाई की मांग..**



जगप्रेरणा मंडला/बिछिया।

***स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जहां स्कूलों में बच्चों के लिए विशेष आयोजन किए गए, वहीं बिछिया जनपद क्षेत्र की नवीन प्राथमिक शाला बुडला में बच्चों को परोसे गए मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो गए।***

भोजन की तस्वीरें सामने आने और बच्चों की शिकायतों के बाद अभिभावकों में नाराजगी है। उन्होंने मामले की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, 15 अगस्त को विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के बाद बच्चों को मध्यान्ह भोजन परोसा गया। भोजन करने वाले कुछ बच्चों ने चावल की गुणवत्ता खराब होने और पूड़ियां अधपकी होने की शिकायत की। बच्चों का कहना है कि भोजन ठीक नहीं लगने के कारण कई बच्चों ने खाना नहीं खाया और भोजन फेंक दिया।

## अभिभावकों का आरोप- चावल में घुन, सब्जी भी कम..

अभिभावकों ने आरोप लगाया कि परोसे गए चावल में घुन लगा हुआ था। वहीं, बच्चों को सब्जी भी पर्याप्त मात्रा में नहीं दी गई। उनका कहना है कि बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को लेकर नियमित निगरानी की जरूरत है। अभिभावकों ने यह भी आरोप लगाया कि भोजन की गुणवत्ता को लेकर पहले भी समस्या सामने आती रही है।

## तस्वीरें सामने आने के बाद उठे सवाल..

मध्यान्ह भोजन की तस्वीरें सामने आने के बाद मामला चर्चा में आया। अभिभावकों का कहना है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से स्कूल पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है।

## जांच के बाद ही स्पष्ट होगी वास्तविक स्थिति..

मामले में सामने आए आरोपों और तस्वीरों की आधिकारिक पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है। भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही हुई या नहीं, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। अब अभिभावकों की मांग है कि संबंधित अधिकारी मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाएं और यदि लापरवाही प्रमाणित होती है तो जिम्मेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करें।

# ब्रेन चाइल्ड एकेडमी प्रीस्कूल में स्वतंत्रता दिवस का उत्साहपूर्ण आयोजन..



जगप्रेरणा मंडला।

***स्वतंत्रता दिवस पर ब्रेन चाइल्ड एकेडमी प्रीस्कूल, पड़ाव शाखा, मंडला का परिसर देशभक्ति के रंगों से सराबोर हो उठा। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों, देशभक्ति गीतों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं मनमोहक वेशभूषा के माध्यम से राष्ट्रप्रेम की भावना को सजीव कर दिया।***

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण नन्हे शिक्षार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका निभाने वाले रोल प्ले तथा भारत की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने वाली मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ रहीं।

बच्चों की मनोहारी वेशभूषा ने भारत की सांस्कृतिक विविधता, स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान तथा देशभक्ति की भावना का उदाहरण प्रस्तुत किया।

आयोजन प्राचार्या शालिनी शुक्ला के मार्गदर्शन एवं विद्यालय प्रबंधक मोनिका कछवाहा के प्रभावी पर्यवेक्षण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की उत्कृष्ट योजना, मंच संचालन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के सफल आयोजन में डांस शिक्षिका चेतना मालवानी, विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# मंडला पुलिस की बड़ी सफलता, पेट्रोल पंप डकैती का खुलासा..

**4 आरोपी गिरफ्तार, 50,500 रू. नकद बरामद..**



जगप्रेरणा मंडला।

जबलपुर-मंडला सीमा स्थित चौकी मनेरी क्षेत्र के अतुलित फिलिंग सेंटर पेट्रोल पंप पर हुई डकैती का मंडला पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई रकम में से 50,500 रू. नकद और वारदात में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक **MP-20-ZX-1968** बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार, 9 अगस्त की मध्यरात्रि सात नकाबपोश बदमाश पेट्रोल पंप पहुंचे थे। बदमाशों ने हथियारों के बल पर कर्मचारियों को डराकर पेट्रोल पंप से 93,875 रू. की नकदी लूट ली और मौके से फरार हो गए। पूरी वारदात पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद चौकी मनेरी में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

## 8 विशेष टीमों ने संभाला मोर्चा..

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले के शीघ्र खुलासे के लिए 8 विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। 40 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर लगातार आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीमों ने मनेरी से लेकर जबलपुर के बरेला, भूकम्प कॉलोनी और मेडिकल कॉलेज क्षेत्र तक कई स्थानों पर दबिश दी। लगातार की गई कार्रवाई के बाद पुलिस ने अमित झारिया, पवन झारिया, सौरभ शर्मा और शिवम श्रीपाल को गिरफ्तार कर लिया।

## मुख्य आरोपी समेत चार आरोपी अब भी फरार..

पुलिस के मुताबिक, मामले का मुख्य आरोपी आयुष विश्वकर्मा, जो इंजीनियरिंग का छात्र बताया गया है, अभी फरार है। उसके साथ तीन अन्य आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने के लिए अपने एक परिचित से स्कॉर्पियो वाहन किराए पर लिया था। गिरफ्तार आरोपियों में से दो के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज होना सामने आया है।

## आरोपियों पर था 30 हजार का इनाम

पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कुल 30,000 रू. का इनाम घोषित किया था। डकैती की वारदात के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी में पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सफल कार्रवाई पर पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने टीम के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। फरार मुख्य आरोपी आयुष विश्वकर्मा समेत अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच के दौरान डकैती से जुड़े अन्य तथ्यों और आरोपियों की भूमिका भी सामने आने की संभावना है।

# ब्रेन चाइल्ड एकेडमी में देशभक्ति के रंगों से सजा स्वतंत्रता दिवस समारोह









जगप्रेरणा मंडला।

***देशभक्ति के उत्साह और कर्तव्यबोध के संकल्प से सराबोर ब्रेन चाइल्ड एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष समारोह की प्रेरणादायी थीम 'हृदय में स्वतंत्रता का भाव, हाथों में कर्तव्य का संकल्प' रही***

समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ। समारोह में पद-ग्रहण समारोह के अंतर्गत नवगठित 'छात्र परिषद' के सदस्यों का औपचारिक परिचय कराया गया। हेड बॉय अनुराज रावत एवं हेड गर्ल एंजल कुकरेजा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नेतृत्व, अनुशासन और सेवा भावना का संकल्प प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का सांस्कृतिक पक्ष अत्यंत आकर्षक एवं भावपूर्ण रहा। विद्यार्थियों ने 7 मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की विविधता, संस्कृति और राष्ट्रप्रेम को मंच पर जीवंत कर दिया। हिंदी, अंग्रेजी एवं संस्कृत में प्रस्तुत प्रभावशाली भाषणों, देशभक्ति गीतों, प्रेरणादायी विचारों एवं कविता पाठ ने वातावरण को भाव-विभोर कर दिया। वहीं लघु नाटिका, देशभक्ति नारों तथा विभिन्न देशभक्तिपूर्ण पात्रों के सजीव चित्रण ने दर्शकों में उत्साह और राष्ट्रगौरव की भावना को और प्रबल किया।

कार्यक्रम ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के निर्देशक निशांत शुक्ला एवं प्राचार्य डॉ. दिव्या शुक्ला के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ एवं कार्यक्रम संचालन में वरिष्ठ कोऑर्डिनेटर्स सोनिया जैन, राजुल सिंहानी एवं सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

# थाली सजाओ प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा..





जगप्रेरणा मंडला।

***भगवानी भाई केवलराम श्री झूलेलाल मंदिर अंबेडकर वार्ड में श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव के नियमित आयोजन के अंतर्गत***

थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें मातृशक्तियों ने प्रतिभा दिखाते हुए एक से बढ़कर एक थालियां सजाई,जिसमें धार्मिक परंपरागत वस्तुएं शामिल की गई और दरबार में प्रस्तुत की गई।निर्णायक मंडल के द्वारा आवश्यक मापदंडों के आधार पर थालियों को पुरस्कृत किया गया,जिसमें प्रथम पुष्पा लालवानी, द्वितीय सानवी अलवानी एवं तृतीय रितु चेलानी को पुरस्कृत किया गया।साथ ही सभी शामिल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, प्रतिभागियों के थाली सजावट कार्य की बेहद सराहना की गई।

## विशेष ड्रेस कोड में सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुति..

भगवान इष्ट देव की आराधना के लिए सामाजिक महिलाओं के द्वारा विशेष ड्रेस कोड में धार्मिक गीतों पर रंगारंग प्रस्तुति दी गई एवं भगवान की आराधना की गई। धार्मिक गीतों पर प्रस्तुति में भगवान झूलेलाल के किरदार बनाकर उनकी आराधना की गई। आयोजन में पूनम पमनानी, शोभा क्षत्री,मोनिका रोहरा, हीर सुखवानी, पूनम तलरेजा, वान्या माखीजा, दिशा विरानी, अवनि क्षत्री ने नृत्य गायन की मनमोहक प्रस्तुति थी। इस सांस्कृतिक आयोजन में बैठे धार्मिक श्रद्धालु भी झूम उठे और माहौल भक्तिमय हो गया। महिला सदस्यों ने बताया कि इसके लिए हमने काफी दिन पहले से सामूहिक रूप से तैयारी की, और भगवान झूलेलाल की आराधना गीतों पर प्रस्तुति देने में उत्साहित रहे।

# झंडा चौक सुभरिया में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस..



जगप्रेरणा मंडला/सुभरिया।

***ग्राम सुभरिया के झंडा चौक में स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।***

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं में देशभक्ति का विशेष उत्साह देखने को मिला। ध्वजारोहण के बाद बच्चों ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाए और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महापुरुषों को श्रद्धापूर्वक याद किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनोज वाडिवा (मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग, मंडला) उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर एकीकृत माध्यमिक विद्यालय सुभरिया के समस्त छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रभारी प्रकाश सिंगौर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रंजना चौरसिया, पंच वार्ड क्रमांक 01 अखिलेश वाडिवा, अशोक कुडापे, सुकल मरावी, संजय विश्वकर्मा, संजू भांडे, ओमकार दास, चमरा सिंह वाडिवा, ज्ञान प्रकाश भलावी, सोहन कुशराम, अनसुईया वाडिवा (पूर्व पंच वार्ड क्रमांक 01), इंद्रजीत साहू, जितेंद्र झारिया, रविंद्र वाडिवा सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ तथा सभी ने देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए योगदान देने का संकल्प लिया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# 80 वाँ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया





जगप्रेरणा आमगांव।

***आज दिनांक 15 अगस्त 2026 को श्री लक्ष्मणराव मानकर गुरुजी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रांगण में मानकर इंस्टीट्यूशन के सलाहकार डॉ. डी. के.***

संघी सर की प्रमुख उपस्थिति में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह, हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लक्ष्मणराव मानकर गुरुजी इंस्टीट्यूट के अंतर्गत संचालित बी. फार्म. कॉलेज, डी. फार्म. कॉलेज, डी.एड. कॉलेज, बी.एड. कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, आई.टी.आई. कॉलेज तथा के. के. इंग्लिश सीबीएसई स्कूल के सभी प्राध्यापक, शिक्षकगण, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. डी. के. संघी सर के हाथों भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर की गई। इसके पश्चात मान्यवरों के हाथों ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद सभी ने एक साथ राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम् का गायन किया।

इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण तथा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की सुंदर प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण देशभक्ति एवं स्वतंत्रता दिवस के आनंद से सराबोर हो गया। इसके पश्चात छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने उत्स्फूर्त रूप से भाषण प्रस्तुत करते हुए भारत के गौरवशाली इतिहास एवं उज्ज्वल भविष्य का गुणगान किया। तत्पश्चात डॉ. डी. के. संघी सर ने अपने मार्गदर्शनपरक भाषण में बताया कि आज भारत विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहा है और पूरे विश्व में अपना गौरव बढ़ा रहा है। साथ ही भारत एक आत्मनिर्भर एवं सक्षम राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से देश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का आह्वान किया।अंत में सभी उपस्थितों को प्रसाद का वितरण किया गया और आनंदमय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम का समापन हुआ।

# विकास वार्ता पुरस्कार से पवन पाथोडे सम्मानित




जगप्रेरणा सालेकसा।

***श्रमिक पत्रकार संघ, गोंदिया की ओर से प्रतिवर्ष लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की स्मृति में पत्रकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पत्रकारों को***

पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष 2026 के विकास वार्ता पुरस्कार के लिए सालेकसा तहसील के महाराष्ट्र राज्य मराठी पत्रकार संघ, सालेकसा के सचिव एवं युवा पत्रकार पवन शामराव पाथोडे का चयन किया गया। गोंदिया में आयोजित भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में गणमान्य व्यक्तियों के हाथों उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पत्रकारिता केवल समाचार प्रसारित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि समाज के आम नागरिकों की समस्याओं को आवाज देकर उन्हें न्याय दिलाने का प्रभावी साधन है। इसी भूमिका को ध्यान में रखते हुए पत्रकार पवन पाथोडे पिछले कई वर्षों से सालेकसा तहसील में पत्रकारिता के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत हैं। ग्रामीण, दुर्गम एवं आदिवासी बहुल क्षेत्रों के नागरिकों की समस्याओं, विकास के मुद्दों के साथ-साथ प्रशासन से संबंधित विभिन्न विषयों को उन्होंने अपने समाचारों के माध्यम से लगातार उजागर किया है।

ग्रामीण क्षेत्रों के कई मुद्दों को प्रसिद्धि नहीं मिल पाने के बावजूद गांव स्तर पर जाकर वास्तविक स्थिति जानना, नागरिकों की बात समझना तथा उनकी समस्याओं को समाचारों के माध्यम से उचित मंच उपलब्ध कराने का उनका निरंतर प्रयास रहा है। इसी कारण उनकी पत्रकारिता में सामाजिक प्रतिबद्धता जुड़ी हुई है और आम नागरिकों के मुद्दों को प्राथमिकता देने वाले पत्रकार के रूप में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई है।

गोंदिया स्थित राइस मिलर्स एसोसिएशन सभागृह में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में राज्यसभा सांसद श्री राजेंद्र जैन, नगर परिषद अध्यक्ष श्री सचिन शेंडे, श्री सुरेश हर्षे, उपाध्यक्ष तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सभापति जिला परिषद गोंदिया, सौ. दीपाताई चंद्रिकापुरे, सभापति कृषि एवं पशुसंवर्धन जिला परिषद गोंदिया, श्रमिक पत्रकार संघ के अध्यक्ष श्री हाजी अल्ताफभाई शेख, जिला परिषद सदस्य श्री संजय टेंभरे, जिला सूचना अधिकारी श्रीमती अंजू कांबले, श्रीमती भावना कदम, श्री अमर वराडे आदि गणमान्य व्यक्तियों के शुभहस्ते पवन पाथोडे को विकास वार्ता पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार मिलने पर पाथोडे ने श्रमिक पत्रकार संघ, गोंदिया सहित पुरस्कार के लिए चयन करने वाले सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।

इस बीच, पवन पाथोडे को प्रतिष्ठित विकास वार्ता पुरस्कार मिलने पर महाराष्ट्र राज्य मराठी पत्रकार संघ, सालेकसा के अध्यक्ष विजय मानकर, उपाध्यक्ष राकेश रोकड़े, सहसचिव सुमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गणेश भदाड़े, राजू दोनोडे, नेपाल पटले, कृष्णा मेंढे, राजकुमार बसोने, बाजीराव तरोणे, तमिलकुमार टेंभरे, कन्हैय्याकुमार लिल्हारे सहित सालेकसा तहसील के पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों एवं शुभचिंतकों ने पवन पाथोडे का अभिनंदन करते हुए उनकी आगामी पत्रकारिता यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

# तेज बहाव में दो युवक बह गए, स्वतंत्रता दिवस की खुशी मातम में बदली..


कृष्णा कापगते


हेतराम गुलाब सयाम

जगप्रेरणा आमगांव।

***देशभर में स्वतंत्रता दिवस का उत्साह और आनंद मनाया जा रहा था, वहीं देवरी तालुका के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल ढासगढ़ में हुई दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।***

शनिवार दोपहर करीब 3:30 बजे ढासगढ़ में तेज बारिश के कारण बढ़े पानी के बहाव में नहाने के लिए उतरे दो युवक तेज धारा में बह गए। इस हादसे में कृष्णा लक्ष्मण कापगते (22) और हेतराम गुलाब सयाम (25) के बह जाने की जानकारी सामने आई है। दोनों रा. बोपावाडी, तहसील सड़क अर्जुनी के निवासी बताए गए हैं

अंधेरा होने से खोज अभियान में बाधा

घटना की जानकारी मिलते ही दोनों युवकों की तलाश शुरू की गई। हालांकि, देर शाम तक दोनों के शव बरामद नहीं हो सके थे अंधेरा होने के कारण बचाव एवं खोज अभियान में कठिनाई उत्पन्न हुई थी किंतु आज सुबह एक युवक कृष्णा कापगते 21 का शव बरामद हुआ है एवं पोस्टमार्टम के बाद उसका शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया एवं दुसरे युवक की खोज तेजी से की जा रही एसडीआएफ टीम स्थानीय मछुआरे एवं चिचगड पोलिस पुरी तेजी से दुसरे युवक का शव ढुढंने मे लगी हुई है।

## स्वतंत्रता दिवस के कारण पर्यटकों की भीड़..

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ढासगढ़ परिसर में पर्यटकों की बड़ी भीड़ उमड़ी थी। प्राकृतिक सौंदर्य और बारिश के कारण झरनों तथा जलप्रपातों में पानी का बहाव बढ़ गया था। ऐसे स्थानों पर पानी का तेज बहाव कभी भी जानलेवा साबित हो सकता है

## पर्यटकों से सावधानी बरतने की अपील-जर्नादन हेगडकर..

'प्रशासन और पुलिस की ओर से पर्यटकों से अपील की गई है कि 'जलप्रपात एवं तेज बहाव वाले स्थानों पर सुरक्षा नियमों का पालन करें पानी कितना भी आकर्षक दिखाई दे, उसके बहाव का अंदाजा लगाना कठिन होता है इसलिए सुरक्षा के लिए निर्धारित स्थानों से आगे न जाएं और तेज बहाव वाले पानी में उतरने से बचें। प्रकृति का आनंद लें, लेकिन अपनी सुरक्षा को खतरे में न डालें।'

## साप इंसानो के मित्र शत्रु, नही..

# रासायानिक खाद एवं किटकनाशको के छिड़काव से सांपो के अस्तित्व पर खतरा



जगप्रेरणा प्रा गणेश भदाडे आमगांव।

***नागपंचमी यह एक हिंदू त्याहौर है जो श्रावण माह के शुक्ल पक्ष के पाचवे दिन (पंचमी) को मनाग जाता है इस अवसर पर नाग साप की पूजा की जाती है सापो को भगवान का रूप माना जाना गया है***

नागपंचमी को विशेषताह 8 बाग सापो की पूजा की जाती है जिसमे अनंत वासुकी पद्मनाभ कम्बल शंखपाल धृतराष्ट्र तक्षक एव कालिया का समावेश है नागपंचमी को धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व है आरतीय संस्कृती में नाग देवता माना गया है उनकी पूजा करने से सर्पदोष निवारण किया जाता है ऐसी मान्यता है नागपंचमी के दिन बागदेवता के दिन नागदेवता पुजा करने से घर में सर्पदोष कम होता है ऐसी मान्यता है आज के दिन भगवान कृष्ण ने कलिया नाग को परास्त किया एवं यमुना नदी को सुरक्षित किया इस दिवस का स्मरण हेतु नागपंचमी त्याहौर मनाया जाला है नाग सांप खेती में चुहो को खाकर किसानो के उत्पादन का रक्षण करते है इस हेतु किसान नागदेवता प्रती आभार व्यक्त करने हेतु नागपंचमी को नाग देवता जी पूजा करते नागसांप इंसानों का मित्र माना गया है सांपो को सुनाई नहीं देता किन्तु वह आहट से इंसान या किसी भी वस्तु के होने का आभास करते है साप जानबूझकर किसी को भी क्षति नही पोहचाते वह अपनी उनके मार्ग में जाते समय अगर कोई इंसान कोई प्राणी उनके मार्ग के बिच आते है तो ही साप उनके क्षति पोहचाते है कुछ साप विषारी होते है लो कुछ सांप विषारी नही होते है या कुछ साप खतरनाक होते है तो कुछ नही होते है फिर भी इंसान सांपो को क्षति पोहचाते है जिससे अनेक सापो की जाति विलिप्त होने की कगार पर है जिससे अन्नश्रुखला को खतरा निर्मान हो सकता है विशेष रूप से कुषी उपज पर बडे पैमाने पर बढता रसायनिक खाद एवं किटकनाशको के छिड़काव से सापो के अस्तित्व पर बडा खतरा उत्पन्न हो रहा सांपों अस्तित्व को बचाने हेतु खेतों मे रासायनिक खाद एवं किटकनाशको के छिड़काव मे कमी आने की आवश्यकता है उसी प्रकार सांपों के अस्तित्व को बचाने हेतु किसी भी प्रकार सांप अगर अचानक घरो मे या फिर किसी को खतरा पोहचाने की जगह पर दिखाई दे तो उन्हें उनके सुरक्षित जगह पर छोड़ने हेतु सर्पमित्र एवं वनविभाग के कर्मचारी से संपर्क करने की आवश्यकता है जहरीले सांपो में मन्यार घोनस (चावडा) नाग, फुरस, हरी घोनस, बिना जहरीले साप भारतीय अजगर, दिवड, डुरक्यों, घोनस, मांडूळ (दुतोड्या) धामन, नागिन, कुकरी, कवड्या, नानेटी, तस्कर, गवत्या निम जहरीले सापो माळीण, माजर्या, पटेरी, रेतीला शामिल है आमतौर पर सांप इसानो के मित्र है अन्नशुखला के सुरक्षा हेतु सांपों के अस्तित्व को बचाने की आवश्यकता है खासकर किसानों के दृष्टीकोन से सांप उनके शत्रु नहीं मित्र है उनके सुरक्षा एवं संवर्धन की आवश्यकता है

## बोले रघुनाथ भुते..

'सांप इंसानों के किए मित्र है सभी सांपो खतरनाक नही है सापो के अस्तित्व कायम रखने हेतु उनके सुरक्षा एवं संवर्धन करने के लिये इसानो ने उनको मारने के बजाय सांप दिखने पर सर्पमित्र या वनविभाग से संपर्क कर उन्हें सुरक्षित जगह पर थे छोडने हेतु प्रयास करने चाहिए'।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### निर्माण कार्य के लिये लाये सामान को रोड पर रखने की बात पर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 14/8/2026 के 7 बजे के दरम्यान बटाना मे फर्यादी पुरुषोत्तम खुर्मराज वाघाडे उम्र 26 वर्ष निवासी बटाना अपने घर के सामने खडा था। जहा दोनो आरोपी ने शराब के नशे मे आकर कहा तुने अपने घर बनाने का सामान रोड पर क्यो रखा है, बोलकर गालीगलौच की फर्यादी ने कहा गाली क्यो दे रहे हो तो आरोपियो ने रोड से पत्थर उठाकर सर पर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 470/2026 धारा 118,1,352,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा माने 224 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### मेहमान बनकर आये और पैसे लेकर हुवे फरार मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 14/8/2026 के रात वडेगाव मे फर्यादी रेवताबाई विठोबा कुंभरे उम्र 65 वर्ष निवासी वडेगाव के घर मे आरोपी मंगेश अरुण पुराम उम्र 26 वर्ष निवासी मालकनपुर अपने दोस्त के साथ मेहमान बनकर रहने आया, दुसरे दिन सुबह फर्यादी कपडे धोने तलाव गई, आरोपी और दोस्त घर पर ही थे। कुछ देर बाद फर्यादी तलाव से कपडे धोकर वापस आयी तो मेहमान घर पर नही थे फर्यादी के पती ने आकर सामान लाने के लिये पैसे मांगे फर्यादी ने दिवान के निचे देखा तो पैसे वहा नही थे। दोनो मेहमान आरोपी ने 10 हजार रुपये चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे अर्जुनी मोर मे अपराध क्रमांक 347/2026 धारा 305, ए, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा सुभाष डोंगरवार 424 पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

### तुने आने जाने का रोड बंद क्यो किया बोलकर चलाई लोहे की रॉड मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानका री अनुसार दिनांक 15/8/2026 के सुबह 9.30 बजे के दरम्यान कटंगीकला मे फर्यादी दिपक प्रेमलाल नागरीकर अपने घर पर था। जहा तिनो आरोपी ने आकर कहा तुने आने जाने का रोड बंद क्यो किया बोलकर लो हे की रॉड सर पर मारा दूसरे दोनो आरोपियो ने बास की लकड़ी से मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 470/2026 धारा 118,2,115,2,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा रहांगडाले 1719 पोस्टे रामनगर कर रहे है।

### तुने मेरी पुलिस मे शिकायत की थी, बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

**गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/8/2026 के दोपहर 12 बजे के दरम्यान मनेरी मे फर्यादी अपने घर मे काम कर रही थी उसी समय पडोस मे रहने वाले युवक ने गालिगलोच की फर्यादी ने कहा क्यो गालीगलोच कर रहा है, तो आरोपी ने कहा तुने मेरी शिकायत पुलिस मे की थी मेरा क्या हुवा पुलिस मेरा कुछ नही कर सकती बोलकर लकडी से फर्यादी को मारपीट की पति बिचबचाव करने आया तो आरोपी ने कहा तुम दोनो को जान से मार डालूंगा धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 388/2026 धारा 118,1,352,351,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोऊपनी ऋषीकेश शेजाळ पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।**

समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

# सालेकसा में पालकमंत्री का जनता दरबार आयोजित करने की मांग..



जगप्रेरणा सालेकसा।

***सालेकसा तालुका के नागरिकों, किसानों, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न समस्याओं के तत्काल समाधान के लिए सालेकसा में पालकमंत्री का जनता दरबार आयोजित करने***

की मांग को लेकर 15 अगस्त 2026 को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गोंदिया जिला कार्यालय में निवेदन सौंपा गया। गोंदिया जिले के विकास पुरुष एवं सांसद श्री प्रफुल पटेल तथा गोंदिया जिले के लोकप्रिय नेता एवं सांसद श्री राजेंद्र जैन के मार्गदर्शन में सौंपे गए इस निवेदन में सालेकसा तालुका की विभिन्न नागरिक समस्याओं, किसानों की समस्याओं, मूलभूत सुविधाओं तथा विभिन्न स्तरों पर लंबित प्रश्नों का तत्काल निराकरण करने के लिए जनता दरबार आयोजित करने की मांग की गई। निवेदन के दौरान हुई चर्चा में सांसद श्री राजेंद्र जैन ने गोंदिया जिले के पालकमंत्री एवं राज्यमंत्री श्री इंद्रनील नाईक से सालेकसा तालुका में जल्द से जल्द जनता दरबार आयोजित करने का अनुरोध किया। इस पर पालकमंत्री श्री नाईक ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए शीघ्र ही सालेकसा तालुका में जनता दरबार आयोजित करने की गवाही दी।

इस अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के तालुका अध्यक्ष डॉ. अजय उमाटे, राज्य सरचिटणीस ओबीसी आघाड़ी प्रभाकर दोनोडे, जिला महासचिव डॉ. हिरालाल साठवणे, सालेकसा शहराध्यक्ष ब्रजभूषण बैस, तालुका युवक अध्यक्ष बाजीराव तरोने, रिषी बैस सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# किरसान्स मिशन स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न..





जगप्रेरणा गोरेगांव।

***किरसान्स मिशन स्कूल एंड ज्यु. कॉलेज, गोरेगांव में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े उत्साह एवं देशभक्तिपूर्ण वातावरण में मनाया गया।***

कार्यक्रम के अध्यक्ष ऍड दुष्यंत एन. किरसान सर, (एक्सिक्युटिव डायरेक्टर, श्री गुरुदेव आदिवासी शिक्षण प्रसारक मंडल, गोविंदपुर) के करकमलों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय की सौ. सीमा दुष्यंत किरसान मैम, (मैनेजिंग डायरेक्टर, किरसान इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, गणखैरा) उपस्थिती रहीं।

कार्यक्रम में आदिलोक महिला बी.एड. कॉलेज, गोरेगांव के प्राचार्य व्ही. बी उके सर,श्री पटले सर एवं श्री बिसेन सर सहित किरसान्स मिशन स्कूल एंड ज्यु. कॉलेज, गोरेगांव की प्राचार्या श्रीमती कविता एच. येडे मैम, श्री.सुभाषजी चुलपार, श्री विशालजी खुटमुडे विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित सभी मान्यवरों, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान गाकर राष्ट्र के प्रति सम्मान व्यक्त किया। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रस्तुतियाँ भी प्रस्तुत की गईं।

इस अवसर पर उपस्थित मान्यवरों ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए देश की एकता, अखंडता एवं प्रगति के लिए जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण करते हुए राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों एवं उपस्थित सभी लोगों को मिठाई वितरित कर किया गया। समस्त कार्यक्रम उत्साहपूर्ण एवं देशभक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754


जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# गोंदिया जिले को सर्वसमावेशी, सक्षम और विकसित जिला बनाने के लिए सभी मिलकर योगदान दें : पालकमंत्री इंद्रनील नाईक



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले को सर्वसमावेशी, सक्षम और विकसित जिला बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर योगदान देना चाहिए, ऐसा आह्वान उद्योग, सार्वजनिक निर्माण, तकनीकी एवं उच्च शिक्षा, आदिवासी विकास, पर्यटन तथा मृदा एवं जलसंधारण विभाग के राज्यमंत्री एवं गोंदिया जिले के पालकमंत्री इंद्रनील नाईक ने किया।***

80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कारंजा स्थित पुलिस मुख्यालय मैदान में आयोजित मुख्य ध्वजारोहण समारोह में वे संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी मंदार पत्की, मुख्य कार्यकारी अधिकारी झेनित दोंतुला, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे, अपर जिलाधिकारी अभिजीत घोरपड़े तथा उप वन संरक्षक पवन कुमार जोंग सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, वरिष्ठ नागरिक, नागरिक, पत्रकार और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। पालकमंत्री नाईक ने कहा कि गोंदिया जिले के सर्वांगीण विकास के लिए शासन प्रतिबद्ध है। जिला वार्षिक योजना 2026-27 के तहत 438 करोड़ 25 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इस निधि का उपयोग कृषि, सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, पर्यटन और बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर किसान कर्जमुक्ति योजना का लाभ जिले के लगभग 30 हजार किसानों को मिलेगा। पहले चरण में 12 हजार 679 किसानों के खातों में 75.74 करोड़ रुपये जमा किए जा चुके हैं। खरीफमौसम में धान की खेती के लिए 74 हजार 613 हेक्टेयर क्षेत्र का नियोजन किया गया है। कृषि विभाग द्वारा किसानों के बीच आधुनिक एवं संशोधित तकनीक का प्रसार किया जा रहा है। धान खरीदी केंद्रों के माध्यम से 1.98 लाख किसानों से 75.57 लाख क्विंटल धान खरीदा गया है तथा 1,569.12 करोड़ रुपये का भुगतान वितरित किया गया है।

## पर्यटन और जैव विविधता पर जोर

पर्यटन विकास का उल्लेख करते हुए पालकमंत्री ने हाजराफॉल के विकास कार्यों की जानकारी दी। इस वर्ष जून के अंत तक 8,500 से अधिक पर्यटकों ने इस पर्यटन स्थल का दौरा किया। वहीं सारस पक्षी गणना में 32 सारस पक्षी दर्ज किए गए, जिससे जिले की जैव विविधता को बढ़ावा मिलने की बात उन्होंने कही।

## स्वास्थ्य क्षेत्र में जिले की उपलब्धि

स्वास्थ्य क्षेत्र में गोंदिया जिले द्वारा लगातार दूसरे वर्ष राज्य में क्षय रोग उन्मूलन में प्रथम स्थान प्राप्त करने का उल्लेख किया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत जिले में 7.37 लाख आयुष्मान कार्ड तथा 9.90 लाख आभा कार्ड वितरित किए गए हैं। ग्रामीण रोजगार के लिए वी.बी. जी-राम-जी अभियान के तहत 17.88 लाख मानव दिवस रोजगार का सृजन किया गया है। पात्र परिवारों को 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। पालकमंत्री नाईक ने 15 से 21 अगस्त तक 'जलसंधारण सप्ताह' उत्साहपूर्वक मनाने का आह्वान किया। उन्होंने ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास÷ की भावना के साथ जिले की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम का नियोजन निवासी उपजिलाधिकारी भैय्यासाहेब बेहेरे के मार्गदर्शन में किया गया। संचालन मंजुश्री देशपांडे ने किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद डॉ. खुशाल बोपचे तथा जिला परिषद निर्माण सभापति डॉ. लक्ष्मण भगत भी उपस्थित थे।

## समारोह के प्रमुख आकर्षण..

पुलिस विभाग सहित कुल 11 विभागों ने पथसंचलन में भाग लिया। उल्लेखनीय कार्य के लिए स्वास्थ्य सेविका राजश्री भोंडे (नेवारे) का सम्मान किया गया। महा वॉकेथॉन 2026 वॉक फॉर वॉटर के लोगो का विमोचन किया गया। जलसंधारण सप्ताह के अंतर्गत ÷चलो मिट्टी बचाएं... पानी बचाएं... जलसमृद्ध महाराष्ट्र बनाएं÷ की शपथ ली गई। पुलिस विभाग में दीर्घकालीन एवं निष्कलंक सेवा देने वाले 15 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया गया। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर कर्जमुक्ति योजना-2026 के पात्र लाभार्थी किसानों में से प्रतिनिधि स्वरूप 5 किसानों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

### स्वतंत्रता दिवस पर सांसद राजेन्द्र जैन की अध्यक्षता में

# पालकमंत्री इंद्रनील नाईक ने किया राष्ट्रवादी कार्यालय में ध्वजारोहण..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***भारतीय स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भवन, रेलटोली, गोंदिया स्थित पार्टी कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर***

पालकमंत्री इंद्रनील नाईक के शुभहस्ते तथा सांसद राजेंद्र जैन की अध्यक्षता में राष्ट्रध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष प्रेमकुमार रहांगडाले, महिला जिलाध्यक्ष राजलक्ष्मी तूरकर, युवा जिलाध्यक्ष केतन तुरकर, सौ. पूजा अखिलेश सेठ, डॉ. माधुरी नासरे, रवि मुंदड़ा, नरेश माहेश्वरी, सुरेश हर्षे, लोकेश यादव, संहित बड़ी संख्या में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान का गायन कर सभी ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं महापुरुषों तथा देश की सीमाओं पर दिन-रात पहरा देने वाले वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

दरियां ◆ मैटिंग्स ◆ कारपेट्स ◆ डोरमेट्स ◆ शॉल ब्लैंकेट्स ◆ स्कूल की भोजन पतियाँ ◆ ताड़पत्री मच्छरदानी ◆ ग्रीन नेट ◆ चादरे
बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलूम हाउस
उत्तम क्वालिटी वाजिब दाम हमारी पहचान
9890696200 होम डिलीवरी की सुविधा
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया | थोक व चिल्लर विक्रेता

**- सूचना -**
यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नहीं मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 98605 58902 पर संपर्क करें।

# मंदिर-मस्जिद के मुद्दे इतिहास है हमें देश के स्वर्णिम भविष्य के लिए सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ना है - पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल

**15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ पर पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने गोंदिया शहर में विविध स्थानों पर किया ध्वजारोहण..**



जगप्रेरणा गोंदिया।

***हर्ष की बात है कि, देश आज स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगाठ का उत्सव मना रहा है, लेकिन इस देश में गणतंत्र की रक्षा करने का सबसे बड़ा दायित्व आज हम सभी नागरिकों पर आ गया है। देश में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन में हेराफेरी कर भारतीय जनता पार्टी चुनावों को प्रभावित कर रही है। लोकतंत्र में मतदान ही आमजन की आवाज को ताकत देने का एकमात्र माध्यम है और जब इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग***

मशीन की सेटिंग से चुनाव जीते जा रहे है, तो निश्चित रुप से देश का गणतंत्र खतरे में है, जिसे बचाने का आज हर नागरिक को संकल्प लेना है, ऐसे उद्गार पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर गोंदिया शहर में सुभाष चौक, विमलताई स्कुल के पास, कटंगी, सांईनगर मरारटोली, टी पाईंट चौक, श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल, छोटा गौरीनगर, राजीव गांधी चौक, फुलचुर नाका, टैक्सी युनियन जयस्तंभ चौक, नीरानी चैक, गौतम नगर, श्रीराम चौक, सर्कस ग्राऊंड, गांधी प्रतिमा चौक, शहीद भोला कांग्रेस भवन, नेहरु चौक, राधाकृष्ण चौक, छोटा गोंदिया, बसंतनगर, गड्डाटोली, राजीव गांधी चौक, कालेखां चौक, वल्लभभाई पटेल चौक राजलक्ष्मी चौक, रामनगर बाजार चौक, शक्ती मंदीर चौक, सुर्याटोला परसिर में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रमों में व्यक्त किये।

उन्होंने आगे कहा कि, आज देश में शिक्षा, विकास और अर्थव्यवस्था पर चर्चा होने की बजाए, औरंगजेब की कब्र से लेकर मंदिर-मस्जिद के मुद्दों पर ही चर्चा हो रही है। औरंगजेब हो या यह मंदिर-मस्जिद के मुद्दे ये इतिहास है और हमें देश और देशवासियों के उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर होना है। लेकिन भाजपा इन सदियों पुरानी बातों को कुरेदकर आम नागरिक का ध्यान भाजपा की नाकामियों से भटका रही है। देश में महंगाई कम करने, पेट्रोल सस्ता करने, विदेशों से कालाधन वापस लाने जैसे एक भी वादे को सरकार पुरा नहीं कर सकी। यहां तक की विधानसभा चुनाव में लाड़ली बहनों से 1500 से 2100 रुपये प्रतिमाह देने के वादे तक पर आज सरकार का कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि, भारत देश में गणतंत्र की स्थापना हमारे तात्कालिन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल पांडे, भगतसिंग, राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद, जवाहरलाल नेहरु, महात्मा गांधी, सरदार वल्लभाई पटेल, मौलाना आजाद जैसे अनेको क्रांतिकारियों की दुरदर्शिता से संभव हो सकी, जिसमें भारतरत्न परमपूज्य डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर की प्रमुख भुमिका रही और गांधी-नेहरु पटेल-बाबासाहेब के नेतृत्व में निर्मित इस महान देश के मजबुत लोकतांत्रित ढांचे और संवैधानिक संस्थाओं पर हमने आस्था रखी। लेकिन अब देश में नए-नए कानुन लाकर, केन्द्र सरकार देश के लोकतांत्रित ढांचे को समाप्त करना चाहती है। हाल ही में लागु किया गया यूजीसी कानुन का देश भर में जमकर विरोध हो रहा है। इस कानुन के लागु करने के पश्चात कड़े नियमों से शिक्षा की गुणवत्ता गिर सकती है, जिससे न केवल देश के होनहार विद्यार्थियों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है, वहीं दुसरी ओर इन नियमों के बहाने सरकार युनिवर्सिटी के काम करने के तरीके में दखल दे रही है, जो कि शिक्षण संस्थानों की आजादी पर सीधा-सीधा हमला माना जा सकता है।

आज जहां एक ओर पुरा विश्व विविध चुनौतियों से घिरा हुआ है, ऐसी परिस्थिती में इस तरह के अटपटे कानुनों को लाकर सरकार देश के संविधान के साथ खिलवाड़ करती नजर आ रही है। अनुसुचित जाती में उपवर्गीकरण के माध्यम से अनुसुचित जाती की एकता को केन्द्र की भाजपा सरकार तोड़कर, उपजातियों में मनमुटाव और झगड़े का बीज बो रही है। ऐसी स्थिती में अब देश में लोकतंत्र का भविष्य ही खतरे में पड़ गया है, जिसकी सुरक्षा आज हम सबको मिलकर करना होंगा और स्वंतत्रता की रक्षा से ही हम देश की आजादी आंदोलन के शहीदों को सच्ची श्रध्दांजली दे सकेंगे।

उन्होने आगे कहा कि, भारत को आजाद कराने में इस देश के लाखों वीर सपुतों ने अपनी जान का बलिदान दिया, वहीं लाखों ने अपने जीवन का स्वर्णिम काल अंग्रेजों की जेल में गुजारने के बाद भी, देश के आजादी आंदोलन को जीवंत रखा, उन सभी वीर सपुतों के प्रती आज के इस अवसर पर हम कृतज्ञता व्यक्त करते है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमर वराड़े, नगराध्यक्ष सचिन शेंडे, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक चौधरी, तालुका कांग्रेस अध्यक्ष रमेश अंबुले, जितेश राणे, अशोक गप्पू गुप्ता, धन्नालाल नागरीकर, सी.ए.विनोद जैन, कुरमराज चौव्हान, कृउबास उपसभापती पप्पू पटले, बाबा बागडे, जमीलभाई पठान, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमन मेमन, पुर्व पं.स.सभापती प्रकाश रहमतकर, कृउबास संचालक धनलाल ठाकरे, मिथुनभाऊ शेखर पटेल, न.प.गटनेता राकेश ठाकुर, पार्षद सुनिल तिवारी, सर्वश्री पार्षद सुनिल भालेराव, क्रांती जायसवाल, अमर रंगारी, अजय अग्रवाल, अजय गौर सर, पुर्व पार्षद शकील मंसुरी, देवा रुसे, पराग अग्रवाल, भागवत मेश्राम, पूर्व न.प. अध्यक्ष सुशीला भालेराव, मनोज पटनायक, पूर्व पाषर्द व्यंकट पाथरु, महावीर मारवाडी संस्था अध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, श्यामका सर, सुध्दोन सहारे, नरेन्द्र चांदवानी, ग्राम फुलचुरपेठ के सरपंच गंगाराम बावनकर, अशोक लिचडे, कृष्णा बावने, श्रीकांत चांदुरकर, समीर बनाफर, अक्षय नारनवरे, डॉ.येडे, विजय बहेकार, आसीफ अंसारी, महेशभाई माधवानी, विष्णु तिवारी, सतनाम रामानी, शिव नागपुरे, भारती गावंडे, इंद्रजीत पटले, पवन नागदेवे, महेश बन्सोड संहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### विधायक विनोद अग्रवाल के हस्ते गोंदिया शहर के विभिन्न स्थानों पर

# शान से लहराया तिरंगा, शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग को किया विधायक विनोद अग्रवाल ने नमन..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***देश के 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गोंदिया शहर में राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम का वातावरण देखने को मिला। विधायक विनोद अग्रवाल के हस्ते शहर के जयस्तंभ चौक, कालेखां चौक, सिंधी स्कूल परिसर, शिव मंदिर परिसर, संजय नगर कव्वाली मैदान, गोविंदपुर साई बाबा चौक, चावड़ी चौक, सिविल लाइन त्रिमूर्ति चौक, अग्रसेन भवन तथा मुस्लिम मायनॉरिटी ट्रस्ट सहित विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण***

कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान राष्ट्रध्वज को सलामी देते हुए देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा कि आजादी हमें सहज रूप से नहीं मिली है। इसके पीछे देश के असंख्य शहीदों, वीर स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रभक्तों का तप, त्याग, संघर्ष और बलिदान है। जिन वीरों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजादी दिलाई, उनके त्याग को याद करना और उनके सपनों का भारत बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान, शान और करोड़ों भारतीयों की भावनाओं का प्रतीक है।

## यह भी बोले विधायक विनोद अग्रवाल..

विधायक अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और विकसित भारत जैसे संकल्पों के माध्यम से देश नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। आने वाले वर्षों में भारत को एक विकसित, आत्मनिर्भर, आधुनिक और सशक्त राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि देश की बदलती तस्वीर के साथ गोंदिया शहर को भी विकास की नई पहचान दिलाना उनकी प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि गोंदिया के विकास के लिए सड़क, यातायात, रेलवे, स्वच्छता, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न कार्यों को गति देने के प्रयास किए जा रहे हैं। शहर के अधोसंरचनात्मक विकास के साथ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा गोंदिया को आधुनिक और व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से लगातार प्रयास जारी हैं।

## भाजयुमो की तिरंगा बाइक रैली के माध्यम से युवाओं ने राष्ट्रप्रेम, एकता और अखंडता का दिया संदेश..

## तिरंगा बाईक रैली ने भरा जोश..

**स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा आयोजित तिरंगा बाइक रैली ने भी शहर में देशभक्ति का जोश भर दिया। विधायक विनोद अग्रवाल ने स्वयं हाथ में तिरंगा लेकर बाइक रैली में युवाओं का उत्साह बढ़ाया। बड़ी संख्या में युवा हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष के साथ रैली में शामिल हुए। तिरंगा बाइक रैली के माध्यम से युवाओं ने राष्ट्रप्रेम, एकता और अखंडता का संदेश दिया।**

कार्यक्रम के दौरान विधायक अग्रवाल ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। स्वतंत्रता सेनानियों ने जिस भारत का सपना देखा था, उसे साकार करने के लिए नई पीढ़ी को राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, नागरिकगण और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। पूरे शहर में तिरंगे की शान और देशभक्ति के नारों से स्वतंत्रता दिवस का उत्साह देखते ही बना।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक – स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक – आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल – jagprernaw@gmail.com